वर्ष : 34 ▸ अंक :50 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, रविवार, 27 अप्रैल 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

▸▸ उद्धव और राज ठाकरे के बीच सुलह की संभावना बढ़ी



# साथ होंगे भाई-भाई

**मुंबई, महाराष्ट्र के लिए एकजुट होने का समय : शिवसेना यूबीटी**

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव आ सकता है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के बीच संभावित गठबंधन की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। हाल के दिनों में दोनों नेताओं ने अपने बयानों में संकेत दिए कि वे महाराष्ट्र और मराठी अस्मिता के हित में पुराने मतभेद भुला सकते हैं।

### शिवसेना (यूबीटी) का स्पष्ट संकेत

शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए कहा कि अब मुंबई और महाराष्ट्र के हित में एकजुट होने का समय आ गया है। पार्टी ने कहा कि शिवसैनिक मराठी गौरव की रक्षा के लिए तैयार हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब राज और उद्धव के साथ आने की अटकलें तेज हो गई हैं।

### राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के सुर में सुर

राज ठाकरे ने हाल ही में कहा कि उनके और उद्धव के बीच जो भी मतभेद हैं, वे मामूली हैं और अगर महाराष्ट्र चाहता है तो वे अहंकार को आड़े नहीं आने देंगे। उधर, उद्धव ठाकरे ने भी व्यक्तिगत विवाद भुलाने की इच्छा जताई, लेकिन यह भी साफ कर दिया कि वे ऐसे किसी व्यक्ति या दल का समर्थन नहीं करेंगे जो महाराष्ट्र के खिलाफ काम करे।

### भाजपा का रुख

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इस संभावित गठबंधन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह राज और उद्धव का विशेषाधिकार है। भाजपा को इससे कोई आपत्ति नहीं है।

### राजनीतिक समीकरणों में बदलाव की संभावना

राज-उद्धव गठबंधन अगर हकीकत बनता है तो यह बीजेपी और शिंदे गुट के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा खड़ा कर सकता है। साथ ही ठाकरे परिवार की राजनीतिक विरासत को भी मजबूती मिल सकती है। हालांकि, यह अभी तय नहीं है कि यह प्रयास महज चुनावी रणनीति है या वास्तव में एक स्थायी गठबंधन की ओर बढ़ने की कोशिश।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### फेयरप्ले ऐप घोटाला ईडी ने दायर की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** अवैध आईपीएल स्ट्रीमिंग से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा कदम उठाते हुए आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। ईडी के अनुसार, फेयरप्ले ऐप ने समाज में विश्वसनीयता बनाने के लिए रणबीर कपूर, संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, वरुण धवन, श्रद्धा कपूर, कियारा आडवाणी जैसी बॉलीवुड हस्तियों और साइना नेहवाल, मैरी कॉम, मिताली राज, एबी डिविलियर्स और ग्रीम स्मिथ जैसे खिलाड़ियों को ब्रांड एंबेसडर बनाया था। चार्जशीट के मुताबिक, इस घोटाले में 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध कमाई का आरोप है। चिराग शाह और चिंतन शाह सहित 11 आरोपियों के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच से पता चला है कि फेयरप्ले ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर प्रचार अभियान चलाए, युवाओं को टारगेट कर सट्टेबाजी और ऑनलाइन गेमिंग की ओर आकर्षित किया। ईडी की रिपोर्ट के अनुसार, फेयरप्ले का संचालन कृष लक्ष्मीचंद शाह द्वारा दुबई से किया जा रहा था। शाह ने कुराकाओ, दुबई और माल्टा जैसे देशों में कई कंपनियां पंजीकृत करवाई थीं, जिनके माध्यम से अवैध स्ट्रीमिंग और सट्टेबाजी को बढ़ावा दिया गया। जांच में यह भी सामने आया कि फेयरप्ले ऐप का महादेव एप से संबंध है। महादेव एप के खिलाफ पहले से ही मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है।

### 'स्तनों को छूने की कोशिश दुष्कर्म का प्रयास नहीं'

**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में अजीबो गरीब टिप्पणी करते हुए कहा है कि नाबालिग लड़की के स्तनों को छूने की कोशिश दुष्कर्म के प्रयास की श्रेणी में नहीं आती, बल्कि इसे गंभीर यौन उत्पीड़न माना जा सकता है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा आरोपी को सुनाई गई 12 साल की कठोर कारावास की सजा को निलंबित करते हुए यह फैसला सुनाया। जस्टिस अरिजीत बनर्जी और जस्टिस बिस्वरूप चौधरी की खंडपीठ ने कहा कि पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि आरोपी ने दुष्कर्म किया या दुष्कर्म का प्रयास किया। कोर्ट ने माना कि मामला पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न के दायरे में आता है, न कि रेप अटेम्प्ट के। कोर्ट ने आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि यदि अंतिम सुनवाई के बाद आरोप गंभीर यौन उत्पीड़न तक सीमित रहता है, तो सजा 5 से 7 साल के बीच तय हो सकती है। आरोपी पहले ही 28 महीने की सजा काट चुका है। कोर्ट ने जुर्माने की वसूली पर भी फिलहाल रोक लगा दी है।

# पहलगाम हमले के बाद सरकार सख्त

▸▸ मीडिया को सुरक्षाबलों के ऑपरेशन का लाइव टेलीकास्ट न करने की एडवाइजरी

▸▸ रेलवे ने गैर-कश्मीरी स्टाफ के लिए जारी किया अलर्ट



एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने मीडिया को सुरक्षाबलों के ऑपरेशन और मूवमेंट का लाइव टेलीकास्ट न करने की सख्त सलाह दी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा है कि ऐसी रिपोर्टिंग से दुश्मनों को अनजाने में मदद मिल सकती है और सुरक्षाबलों की जान खतरे में पड़ सकती है।

### एडवाइजरी की मुख्य बातें

सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के ऑपरेशन की रियल टाइम रिपोर्टिंग से बचने को कहा गया है। ऑपरेशन से जुड़ी संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा करने पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बताया गया। मंत्रालय ने मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया यूजर्स से जिम्मेदारी से रिपोर्टिंग करने की अपील की है। चेतावनी दी गई कि केबल टीवी नेटवर्क अमेंडमेंट एक्ट 2021 का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पिछली घटनाओं से सबक

एडवाइजरी में कारगिल युद्ध, 26/11 मुंबई हमले और 1999 के कंधार विमान अपहरण जैसी घटनाओं का हवाला दिया गया है, जहां मीडिया की बिना प्रतिबंध की कवरेज से दुश्मनों को रणनीतिक बढ़त मिली थी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ा था।

### रेलवे ने गैर-कश्मीरी स्टाफ के लिए अलर्ट जारी किया

भारतीय रेलवे ने भी कश्मीर में तैनात अपने गैर-कश्मीरी कर्मचारियों को अकेले बाहर न जाने की सलाह दी है। गैर-कश्मीरी कर्मचारियों के आने-जाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल (RPF) द्वारा सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। खुफिया इनपुट के अनुसार, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और उससे जुड़े आतंकी संगठन गैर-स्थानीय लोगों, खासकर पुलिसकर्मियों और कश्मीरी पंडितों को निशाना बना सकते हैं। विशेष तौर पर श्रीनगर और गंदेरबल जिलों में हमले की आशंका जताई गई है।

**वीर सावरकर टिप्पणी मामला**

# राहुल गांधी की फिर बढ़ी मुसीबत

**अब पुणे कोर्ट ने कांग्रेस नेता को किया तलब**

**मुंबई/पुणे।** पुणे की एमपी-एमएलए अदालत ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को वीर सावरकर पर दिए गए विवादित बयान के मामले में तलब किया है। अदालत ने उन्हें 9 मई 2025 को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। यह मामला वीर सावरकर के रिश्तेदार सत्यकी सावरकर द्वारा दायर मानहानि की शिकायत से संबंधित है।

### लंदन में दिया था विवादित बयान



राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला उस समय दर्ज किया गया था, जब उन्होंने लंदन में एक कार्यक्रम के दौरान वीर सावरकर के बारे में विवादास्पद टिप्पणी की थी। सत्यकी सावरकर ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने सावरकर पर कई मौकों पर बेबुनियाद आरोप लगाए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा और उनके परिवार को मानसिक पीड़ा हुई। इस बयान को लंदन में दिया गया था, लेकिन यह पूरे भारत में प्रसारित हुआ, जिससे पुणे में भी असर पड़ा।

### सत्यकी सावरकर ने अदालत में दायर की शिकायत

सत्यकी सावरकर ने अपनी शिकायत में राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार और झूठा बताया। उन्होंने कहा कि गांधी ने एक किताब के बारे में झूठा आरोप लगाया था, जिसमें यह कहा गया था कि सावरकर ने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई का विवरण लिखा था। सत्यकी ने यह भी कहा कि ऐसी कोई घटना कभी नहीं हुई और सावरकर ने कभी ऐसी कोई किताब नहीं लिखी। इस शिकायत में सत्यकी सावरकर ने लंदन में राहुल गांधी के बयान का वीडियो और कुछ समाचार रिपोर्ट्स को सबूत के तौर पर पेश किया है, ताकि यह साबित किया जा सके कि गांधी का बयान सावरकर के लिए अपमानजनक था।

अब पुणे की एमपी-एमएलए अदालत ने राहुल गांधी को 9 मई 2025 को इस मामले में पेश होने का आदेश दिया है, और इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# विकास कार्यों के लिए तिजोरी खाली

▸▸ 3.5 लाख करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और ऋण भुगतान में हो रहे हैं खर्च

▸▸ अजित पवार ने बजट खर्च दिया ब्यौरा

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने शनिवार को परभणी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की बैठक में राज्य के बजट खर्च का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि सात लाख करोड़ रुपये के बजट में से 3.5 लाख करोड़ रुपए वेतन, पेंशन और ऋण भुगतान में खर्च हो रहे हैं, जबकि 65,000 करोड़ रुपए लाडकी बहिन योजना और किसानों की बिजली बिल माफी योजना के लिए आवंटित किए गए हैं।



### विकास कार्यों के लिए सीमित बजट

अजित पवार ने कहा कि इन दोनों मदों के तहत 4.15 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाने के बाद शेष राशि से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो कार्यकर्ता राजनीति में सक्रिय होना चाहते हैं, उन्हें सरकारी ठेकेदारी से दूरी बनानी चाहिए।

### किसानों के लिए बिजली बिल माफी योजना

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार महाराष्ट्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (MSEDCL) को बिजली बिल माफी योजना के तहत 17,000 से 20,000 करोड़ रुपए दे रही है, जिससे किसानों को राहत मिल सके।

### शिक्षा और कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बढ़ता उपयोग

अजित पवार ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा और कृषि क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। साथ ही उन्होंने यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार महाराष्ट्र को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने जा रही है, जिससे राज्य के विकास को गति मिलेगी।

**ईरान में भीषण धमाका**

# 5 की मौत, 700 से ज्यादा लोग जख्मी

एजेंसी। तेहरान



अमेरिका के साथ नए परमाणु समझौते को लेकर चल रही बातचीत के बीच शनिवार को ईरान के बंदर अब्बास शहर में शाहिद राजाई बंदरगाह पर भीषण विस्फोट हुआ। इस हादसे में 700 से अधिक लोग घायल हो गए हैं और कई लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। सरकारी मीडिया के अनुसार, आग पर काबू पाने के लिए बंदरगाह की सभी गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है।

### घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल

स्थानीय अधिकारी ने बताया कि बंदरगाह के समुद्री तट के पास रखे कई कंटेनरों में धमाका हुआ, जिससे भीषण आग लग गई। विस्फोट के बाद आसपास के इलाकों में खिड़कियों के टूटने की खबरें भी सामने आई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में घटनास्थल से धुएं के बड़े-बड़े गुबार उठते देखे जा सकते हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है और घायलों को तेजी से अस्पतालों में पहुंचाया जा रहा है।

### अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता पर पड़ सकता है असर

यह हादसा उस समय हुआ है जब ईरान ओमान में अमेरिका के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत कर रहा है। इस वार्ता का नेतृत्व अमेरिका के विशेष राजदूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची कर रहे हैं। बातचीत का मकसद ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के बदले अमेरिका द्वारा प्रतिबंधों में राहत देना है।

### ईरान की प्रतिक्रिया

विदेश मंत्री अराघची ने हाल ही में कहा था कि यदि अमेरिका की मांग केवल परमाणु हथियार न बनाने की है, तो ईरान इसे मानने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अव्यावहारिक मांगों पर ईरान कड़ा जवाब देगा। गौरतलब है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में पहले हुए बहुपक्षीय परमाणु समझौते को अमेरिका ने रद्द कर दिया था।

# गर्मी के साथ आगजनी की घटनाओं में इजाफा

▸▸ मुंबई, ठाणे व अमरावती में लगी भीषण आग

▸▸ एक महिला की मौत, छह लोग घायल

डीबीडी संवाददाता। मुंबई

बढ़ती गर्मी के साथ-साथ महाराष्ट्र में आग लगने की घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। महाराष्ट्र से आग लगने की 3 बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना मुंबई के अंधेरी की बताई गई। दूसरी घटना ठाणे जिले के भिवंडी से सामने आई है। यहां मणि सूरत कॉम्प्लेक्स में स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। तीसरी घटना अमरावती जिले के मेलघाट की है। यहां ढकना जंगल में भीषण आग लगी है, जिससे पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचा है।



### पहली घटना : इमारत में आग लगने से महिला की मौत

मुंबई। मुंबई के अंधेरी में स्थित आवासीय परिसर में शनिवार को आग लगने से एक महिला की मौत हो गई, वहीं छह लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स इलाके में आठ मंजिला ब्रोक लैंड इमारत की पहली मंजिल पर आग लग गई। इसमें अभिना संजनवाला की दम घुटने से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि 10 दिन के नवजात और तीन साल के बच्चे सहित अन्य प्रभावित व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि घरेलू सामानों में आग लग गई थी।

### मणि सूरत कॉम्प्लेक्स में भीषण आग

दूसरी घटना ठाणे जिले के भिवंडी से सामने आई है। मणि सूरत कॉम्प्लेक्स में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर है कि, कई किलोमीटर दूर से आग का धुआं दिखाई दिया।

▸▸ पेज 2 देखें

### अमरावती के मेलघाट में जंगल में लगी भीषण आग

वहीं तीसरी घटना अमरावती जिले के मेलघाट की है। यहां ढकना जंगल में भीषण आग लगी है, जिससे पेड़ों को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय आदिवासी आग पर काबू पाने में मदद कर रहे हैं, जिससे वन संसाधनों और वन्यजीवों को खतरा है। यह आग अत्यधिक गर्मी की वजह से लगी है ऐसा प्राथमिक अंदाजा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह आग पिछले कई दिनों से धधक रही है।

# फर्नीचर गोदाम में भीषण आग, एक फायरमैन घायल

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी तालुका के रहनाल ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित एक फर्नीचर गोदाम में शनिवार तड़के करीब 3:30 बजे भीषण आग लग गई। मुनिसूरत कंपाउंड के पास बने इस गोदाम परिसर की बेसमेंट प्लस तीन मंजिला इमारत में बड़ी मात्रा में प्लाईवुड, राल, फोम और रासायनिक घोल जमा थे, जिससे आग तेजी से फैल गई।

**12 गोदाम क्षतिग्रस्त, इमारत का हिस्सा ढहा**



### दूर से दिखीं लपटें

आग इतनी विकराल थी कि इसकी लपटें दस किलोमीटर दूर से भी देखी जा सकती थीं। आग की चपेट में आने से इमारत के 12 गोदाम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। आसपास के मजदूरों और परिवारों ने तत्काल बहुमूल्य सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर शरण ली। फायर ब्रिगेड अधिकारी राजेश पवार के अनुसार, इलाके में पानी की कमी के चलते आग पर काबू पाने में ज्यादा अधिक समय लग सकता है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस भीषण अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर तैनात

आग बुझाने के दौरान फायर ब्रिगेड का जवान हरिश्चंद्र वाघ घायल हो गया, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भिवंडी से दो और कल्याण व ठाणे से एक-एक फायर ब्रिगेड की कुल चार गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं।

# कल्याण रेलवे स्टेशन स्काईवॉक पर असुरक्षा

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण रेलवे स्टेशन के स्काईवॉक पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। ताजा घटना में स्काईवॉक से गुजर रहे राजदेव गुप्ता पर दो युवकों ने हमला कर उनकी आंख को गंभीर रूप से घायल कर दिया। डॉक्टरों ने उनकी आंख की रोशनी जाने की आशंका जताई है।

**राहगीरों पर हमला**



### पहले भी हो चुकी है मारपीट और लूट की घटना

इस घटना से पहले विक्रांत शेलार नामक राहगीर के साथ भी स्काईवॉक पर मारपीट कर उनका मोबाइल फोन छीना गया था। लगातार हो रही इन घटनाओं ने स्काईवॉक को असुरक्षित बना दिया है। घटनाओं के बाद स्थानीय नागरिकों ने पुलिस से स्काईवॉक पर कड़ी निगरानी और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने आरोपी जाफर और उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश जारी है। नागरिकों का कहना है कि स्काईवॉक पर नियमित पुलिस गश्त होनी चाहिए ताकि आम लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा इंतजामों को प्राथमिकता देना जरूरी हो गया है।

**दिशा सालियन मौत मामला**

# 30 अप्रैल को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई

- दिशा के पिता सतीश सालियन ने जांच की मांग की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियन की रहस्यमयी मौत के मामले की जांच की मांग को लेकर उनके पिता सतीश सालियन द्वारा दायर याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में ३० अप्रैल को सुनवाई होगी। २ अप्रैल को यह याचिका जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। उस समय वकीलों ने अदालत को सूचित किया कि यह मामला महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़ा है और इसे जस्टिस सरंग कोतवाल की अगुवाई वाली खंडपीठ के समक्ष सुना जाना चाहिए। इसके बाद जस्टिस डेरे ने इसे उचित पीठ के समक्ष भेजने का आदेश दिया।

### याचिका में गंभीर आरोप

सतीश सालियन द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि दिशा सालियन के साथ 'निर्दयता से बलात्कार और हत्या' की गई थी और इसके बाद राजनीतिक दबाव में मामले को दबाने की साजिश रची गई। याचिका में कहा गया है कि इसका मकसद झूठ, भ्रष्टाचार और तथ्यों को दबाने के जाल को उजागर करना है, ताकि कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों को बचाया जा सके।

### पुलिस पर लापरवाही का आरोप

याचिका में दावा किया गया है कि मुंबई पुलिस ने जल्दबाजी में मामले को आत्महत्या या दुर्घटनावश मौत बताते हुए बंद कर दिया, बिना फॉरेंसिक सबूत, परिस्थितिजन्य प्रमाण और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों पर ठीक से गौर किए। दिशा के पिता ने याचिका देर से दायर करने का कारण बताते हुए कहा कि बेटी की मौत के बाद वह 'शोक से अभिभूत' थे और कुछ प्रमुख व्यक्तियों ने उन्हें भ्रमित कर झूठा नैरेटिव गढ़ने में उलझाए रखा, ताकि आरोपी बच सकें। दिशा सालियन की मौत 8 जून 2020 को उपनगर मलाड स्थित एक इमारत की 14वीं मंजिल से गिरने के बाद हुई थी।

# उल्हासनगर में दूषित जल आपूर्ति

- पूर्व नगरसेवक राजेश वधारिया ने मनपा प्रशासन पर लगाया आरोप

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**



पूर्व नगरसेवक राजेश वधारिया ने मनपा प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वधारिया ने कहा कि उल्हासनगर शहर में पिछले एक सप्ताह से नल में पीले और दूषित जल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे नागरिकों को पेट संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। राजेश वधारिया ने कहा कि शहर के कई इलाकों में दूषित जल की आपूर्ति हो रही है, जिसके कारण कई लोग बीमार हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मनपा प्रशासन की लापरवाही और खराब व जंग लगी पानी की पाइपलाइन के कारण दूषित जल आपूर्ति हो रही है।

### अधिकारियों से संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति

वधारिया ने मनपा अधिकारियों को जल आपूर्ति पाइपलाइन का निरीक्षण करने के लिए बुलाया, ताकि यह पता चल सके कि कहीं कोई खराबी तो नहीं है, लेकिन अधिकारियों से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अधिकारियों ने बताया कि उल्हासनगर मनपा के आयुक्त और प्रशासक छुट्टी पर हैं और वे सोमवार को आएंगे।

### वधारिया ने किया जल शोधन केंद्र का दौरा

पूर्व नगरसेवक वधारिया ने एमआईडीसी द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पानी की जांच के लिए शहाड जल शोधन केंद्र का दौरा किया। वहां के अधिकारियों ने दावा किया कि वहां से स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जा रही है और पानी के पीएच स्तर की जांच भी की गई थी, जिसमें कोई खराबी नहीं पाई गई।

### मनपा का बयान और नागरिकों का विरोध

उल्हासनगर मनपा ने इस पर बयान जारी करते हुए कहा कि उल्हास नदी से जलीय प्राणियों को हटाने के कारण पानी पीला हो गया है। हालांकि, नागरिकों ने इस स्पष्टीकरण पर सवाल उठाया और कहा कि तीन दिन पहले जल संयंत्रों को हटाने का काम पूरा होने के बावजूद भी पीला पानी अभी भी नलों से आ रहा है, जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है।

### मनपा प्रशासन की लापरवाही पर हमला

राजेश वधारिया ने कहा कि लाखों नागरिकों को स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाना मनपा प्रशासन का कर्तव्य है और प्रशासन को अपनी छुट्टियां रद्द करके इस कर्तव्य को निभाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मनपा प्रशासन नागरिकों से दूषित पानी उबालकर व छानकर पीने की अपील कर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहा है।

# ड्रग तस्करी के आरोपी की रिहाई के बदले PSI ने ली ₹50,000 रिश्वत

- ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो ने किया गिरफ्तार



**डीबीडी संवाददाता । भायंदर**

मीरा-भायंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्त क्षेत्र के नयानगर पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस उप निरीक्षक (PSI) रामनाथ ठमाजी तांदलकर (56 वर्ष) को ठाणे एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने शुक्रवार रात रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता के भाई को अवैध नशीले पदार्थ (एमडी पाउडर) की तस्करी और बिक्री के आरोप में 19 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया गया था। उसकी रिहाई के लिए PSI तांदलकर ने 70,000 की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी ठाणे एसीबी को दी, जिसके बाद जाल बिछाया गया।

### रात 9 बजे रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया PSI

25 अप्रैल को रात करीब 9 बजे PSI तांदलकर ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि कम कर 50,000 लेने की बात की थी। वह पांच सौ रुपए के बंडल के रूप में रिश्वत लेते समय एसीबी अधिकारियों द्वारा पकड़ा गया। खास बात यह रही कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए 50,000 में से 5,000 ही असली थे और बाकी 45,000 की राशि बच्चों के खेलने वाले नकली नोट थे। इसके बावजूद PSI तांदलकर ने बिना जांच किए पूरे बंडल को स्वीकार कर लिया।

### मामला दर्ज, कार्रवाई जारी

ठाणे एसीबी ने नयानगर पुलिस स्टेशन में तांदलकर के खिलाफ रिश्वत लेने का मामला रात 9:21 बजे दर्ज कराया। यह पूरी कार्रवाई ठाणे ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटील के मार्गदर्शन में की गई।

# पिकनिक से लौट रही निजी बस खंभे से टकराई

- 8 वर्षीय बच्ची की मौत, 12 घायल

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**




शुक्रवार रात को भिवंडी के पडघा-वडपा फ्लाईओवर पर एक निजी बस खंभे से टकरा गई, जिससे आठ साल की एक बच्ची की दुखद मौत हो गई और बस में सवार 12 यात्री घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर है और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### दुर्घटना के कारण

शहर के गैबी नगर और फंडोले नगर के नागरिक पिकनिक मनाने के लिए खड़वली नदी के पास गए थे। शाम को पिकनिक से लौटते समय बस चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस वडपा पडघा के पास फ्लाईओवर के खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में आठ वर्षीय बच्ची कायनात अंसारी की दुखद मौत हो गई और घायलों में तरन्नुम अंसारी, वकार अंसारी, तसबिया, नजमा अंसारी, खुशी अंसारी, शमा परवीन, काफिया अंसारी, नमीरा, कहकशा और बदरुद्दीन अंसारी शामिल हैं। बदरुद्दीन अंसारी को गंभीर चोटें आईं और उसे ठाणे जिला अस्पताल में स्थानांतरित किया गया है। बाकी घायलों को शहर के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भिवंडी के पूर्व विधायक रईस शेख ने उपजिला अस्पताल में घायल यात्रियों से मुलाकात की और दुर्घटना की जानकारी ली।

# नालासोपारा पूर्व में नाइजीरियन नागरिक गिरफ्तार

- अवैध शराब और नकदी बरामद




**डीबीडी संवाददाता । नालासोपारा**

नालासोपारा पूर्व के प्रगतिनगर क्षेत्र में तुलिंज पुलिस ने एक नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास से बड़ी मात्रा में शराब, नकदी और अन्य सामग्री बरामद की है। आरोपी बिना वैध दस्तावेजों के भारत में अवैध रूप से रह रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, तुलिंज पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रगतिनगर, हाइटेंशन रोड स्थित तारा बिल्डिंग के एक कमरे में छापा मारा। इस दौरान 28 वर्षीय नाइजीरियन नागरिक एजिता गेट्रिच के कब्जे से विभिन्न कंपनियों की शराब, हजारों रुपए नकद और अन्य सामान जब्त किया गया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव ने बताया कि आरोपी के पास से कुल 1,54,445 रुपए की शराब, नकदी और अन्य सामग्री जब्त की गई है। जांच में सामने आया कि वह बिना किसी वैध दस्तावेज के भारत में रह रहा था।

### कई धाराओं में एफआईआर दर्ज

आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र प्रोव्हिबिशन अधिनियम की धारा 65(ई), पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12, विदेशी अधिनियम 1992 के नियम 14(6) और विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 14 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# 870 पर्यटकों को सुरक्षित वापस लाया गया : मोरे



**डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली**

22 तारीख को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक, जिनमें महाराष्ट्र के पर्यटक भी शामिल थे, वहां फंस गए थे। अब शिवसेना शिंदे गुट के विधायक राजेश मोरे ने जानकारी दी है कि 870 पर्यटकों को कश्मीर से सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिसमें ठाणे जिले सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों से पर्यटक शामिल हैं। विशेष रूप से, कल्याण ग्रामीण के 22 लोगों सहित 75 पर्यटकों के एक गुट को मुंबई वापस लाया गया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी टीम वहां प्रत्यक्ष रूप से मौजूद थे और उन्होंने पर्यटकों की सुविधाओं और सुरक्षा का ध्यान रखा।

# नकली दस्तावेज़ पर टीडीआर जारी

- म्युनिसिपल कार्पोरेशन की मुश्किलें बढ़ीं

**डीबीडी संवाददाता । भायंदर**

मीरा-भायंदर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (MBMC) पर आरोप है कि उसने एक स्थानीय डेवलपर को नकली दस्तावेज़ों के आधार पर ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (TDR) जारी किए। इस मामले में आरोपी का नाम बिनॉय प्रमोद शाह है, जो एक निर्माण कंपनी का निदेशक है और राज्य की सत्ताधारी पार्टी के एक प्रभावशाली राजनीतिक नेता से जुड़ा हुआ है।




### एफआईआर और आरोप

कशिगांव पुलिस ने शुक्रवार (25 अप्रैल) को बिनॉय प्रमोद शाह के खिलाफ धोखाधड़ी और सामान्य इरादे के तहत आईपीसी की धाराओं 420 और 34 के तहत एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर 70 वर्षीय किसान गुलाब सिंह की शिकायत पर दर्ज की गई, जिन्होंने आरोप लगाया कि शाह ने फर्जी बिक्री विलेख और पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए MBMC से टीडीआर प्राप्त किया।

### आरोपों का खंडन

आरोपी बिनॉय शाह ने आरोपों को गलत और आधारहीन बताते हुए कहा, 'मैं शिकायतकर्ता को नहीं जानता। मैंने 2011 में मूल भूमि मालिकों से सही तरीके से भुगतान करके संपत्ति खरीदी और उसी के आधार पर मैंने टीडीआर लिया।'

### खरीदी गई ज़मीन और दस्तावेज़ों में धांधली

गुलाब सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि उन्होंने 2000 में कशिगांव के राजस्व गांव में स्थित 4856 वर्ग मीटर भूमि खरीदी थी। कुछ साल बाद, वह इलाज के लिए उत्तर प्रदेश लौट गए और 2024 में वापस लौटे तो पता चला कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर TDR प्राप्त किया है। यह दस्तावेज़ मूल भूमि मालिकों द्वारा अनुमति प्राप्त होने का दावा कर रहे थे, जबकि एक मालिक की 2013 में मृत्यु हो चुकी थी।

### टीडीआर का व्यापार और विकास में इस्तेमाल

यह ध्यान में रखते हुए कि जिन दो TDR प्रमाणपत्रों को जारी किया गया था, वे पहले ही बेचे जा चुके हैं और उनका उपयोग भवनों में अतिरिक्त फ्लोर स्पेस इंडेक्स (FSI) लोड करने के लिए किया गया है, मामले में आगे की जांच जारी है।


### मामले पर अदालत में लंबित याचिका

भूमि मालिकों द्वारा दायर याचिका (613/2021) अब भी ठाणे के सिविल जज की अदालत में लंबित है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, और यह सवाल उठता है कि टीडीआर अधिकारों की प्रक्रिया में कितना विश्वास किया जा सकता है, खासकर जब ये अधिकार व्यापार किए जा सकते हैं और अतिरिक्त विकास के लिए उपयोग किए जा सकते हैं।

# 12 तोला सोने से भरा बैग रिक्शे में छूटा

- दहिसर पुलिस ने महज दो घंटे में बरामद किया बैग

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



मुंबई के दहिसर इलाके में रहने वाले नितीन शिळीमकर (५३) ने रिक्शा से यात्रा करते समय गलती से अपनी १२ तोले सोने की बैग रिक्षा में ही छोड़ दी। घटना का एहसास होते ही उन्होंने दहिसर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत मिलते ही वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक होनमाने के नेतृत्व में रात्रिपाल निरीक्षक विवेक सोनवणे, पुलिस उपनिरीक्षक बालाजी मसलकर तथा अपराध प्रकटीकरण पथक के सहायक पुलिस निरीक्षक इर्शाद सय्यद की टीम ने तुरंत कार्यवाही शुरू की।

### सीसीटीवी से मिली सुराग

पुलिस दल ने नॅन्सी डिपो क्षेत्र के लगभग 15 से 20 सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की। जांच के दौरान यह पता चला कि वह रिक्षा नॅशनल पार्क क्षेत्र में है। पुलिस टीम ने नॅशनल पार्क जाकर संबंधित रिक्षा को खोज निकाला और उसमें से शिळीमकर की सोने की बैग बरामद की। पुलिस ने बैग की पुष्टि के बाद नितीन शिळीमकर को थाने बुलाकर बैग सुपुर्द कर दी।

# एसीबी ने एमएसईडीसीएल के दो इंजीनियरों को रिश्वत लेते पकड़ा



**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

नवी मुंबई एंटी-करप्शन ब्यूरो (ACB) ने शुक्रवार को पनवेल के भिगरी कार्यालय से दो इंजीनियरों को 1.84 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान संदीप अनसाहेब दवारे (45), उप कार्यकारी अभियंता, और पृथ्वेश नवचंद्र चौगुले (35), कनिष्ठ अभियंता के रूप में की गई है।शिकायतकर्ता महारुगद्र शेलके, जो एक सिविल ठेकेदार हैं, एमएसईडीसीएल के पनवेल भिगरी कार्यालय द्वारा सौंपे गए दो सिविल प्रोजेक्ट्स का काम कर रहे थे। शेलके ने मार्च में एक परियोजना के लिए भुगतान प्राप्त किया था, लेकिन दूसरी परियोजना का बिल लंबित था। शेलके के अनुसार, इंजीनियर चौगुले और दवारे ने उन्हें सूचित किया कि वे साइट का दौरा करेंगे और दूसरे बिल को मंजूरी देंगे, लेकिन इसके लिए प्रत्येक से 92,000 रुपए की रिश्वत की मांग की — कुल मिलाकर 1.84 लाख रुपए। इसके बाद शेलके ने नवी मुंबई एसीबी में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि होने पर, एसीबी ने जाल बिछाकर दोनों इंजीनियरों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। इस ऑपरेशन का नेतृत्व नवी मुंबई एसीबी यूनिट के उप अधीक्षक नितिन दालवी ने किया।

# 12 साल तक जेल में बंद व्यक्ति को बॉम्बे हाई कोर्ट से मिली जमानत



- लंबी सजा से मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव का किया हवाला

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक व्यक्ति को जमानत दी, जो पिछले 12 वर्षों से जेल में बंद था। कोर्ट ने इस फैसले में कहा कि लंबे समय तक कारावास व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जिससे अवसाद और आत्मसम्मान में कमी हो सकती है।

### आरोप और वकील का बयान

आरोपी, नायर अब्बास नासिर हुसैन सैयद, को 2012 में भायंदर पुलिस ने दो महिलाओं की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। यह हत्या कथित तौर पर चुराने के इरादे से उनके घर में घुसने के दौरान हुई थी। आरोपी के वकील, विश्वाल खेतेरे, ने बताया कि आरोपी 2012 से जेल में था और कई बार जमानत के लिए आवेदन कर चुका था, लेकिन हर बार उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी। 'आखिरकार हमने कोर्ट के सामने यह मुद्दा उठाया कि आरोपी ने जेल में इतने लंबे समय तक क्यों बिताए,' उन्होंने कहा।

### कोर्ट का आदेश और जेल की स्थितियां

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'हमारे कारागारों में भीड़-भाड़ की समस्या है और मुकदमे अक्सर लंबित रहते हैं। कोर्ट में लंबी अवधि से कारावास में रह रहे आरोपियों की जमानत याचिकाएं नियमित रूप से आती हैं। इस मामले में आरोपी का कारावास उसके मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।'

# 107 पाकिस्तानी पुलिस की पहुंच से बाहर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है। इस बीच सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र में 5037 पाकिस्तानी नागरिकों में से 107 पाकिस्तानी नागरिक पुलिस की पहुंच से बाहर हैं या फिर भारत आने के बाद अंडरग्राउंड हो गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक महाराष्ट्र में कुल 34 ऐसे पाकिस्तानी नागरिक हैं जो कि अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं।




### मुंबई में 14 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान

मुंबई में 14 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान पुलिस ने की है। आंकड़ों के मुताबिक सबसे ज्यादा पाकिस्तानी नागपुर शहर में हैं। सूत्रों ने बताया कि नागपुर शहर में कुल 2458 पाकिस्तानी नागरिक हैं, जिसमे से 25 पाकिस्तानी अन्ट्रेसेबल हैं।

### दूसरे नंबर पर ठाणे

वहीं दूसरे नंबर पर ठाणे शहर है जहां 1106 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं वहीं 33 अन्ट्रेसेबल हैं और 8 पाकिस्तानी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं। तीसरे नंबर पर जलगांव है जहां 393 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। चौथे नंबर पर पिम्परी चिंचवड़ है जहां 290 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं। पांचवे नंबर पर नवी मुंबई है, जहां 239 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं, जिनमें से 2 पाकिस्तानी अन्ट्रेसेबल हैं। छठवें नंबर पर अमरावती शहर हैं, जहां 117 पाकिस्तानी नागरिक हैं। सातवें नंबर पर पुणे शहर है, जहां 114 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं, जिसमें से 9 पाकिस्तानी अन्ट्रेसेबल है और 24 पाकिस्तानी अवैध रूप से रह रहे हैं।

आठवें नंबर पर वासिम शहर है, जहां 106 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं। नौवे नंबर पर छत्रपति संभाजी नगर शहर और कोल्हापुर है जहां 58-58 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं। दसवें नंबर पर मीरा भायंदर है, जहां 26 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं।

### अन्य जिलों का क्या है हाल?

इसके अलावा अकोला में 22 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं, जिसमें से 2 पाकिस्तानी नागरिक अन्ट्रेसेबल हैं।अहिल्यानगर नगर और यवतमाल में 14-14 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं। रायगढ़ जिले में 17 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं जिनमें से 11 पाकिस्तानी अन्ट्रेसेबल हैं और 2 लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। सोलापुर शहर में 17 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं। अमरावती ग्रामीण और छत्रपति संभाजी नगर ग्रामीण में 1-1 पाकिस्तानी रहते हैं। बुलढाना में 7 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं जिसमें से 6 लोग अन्ट्रेसेबल हैं।धुले शहर में 6 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं, गोंदिया में 5 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं और सभी 5 के 5 लोग अन्ट्रेसेबल हैं। लातूर शहर में 8 पाकिस्तानी नागरिक हैं, जिसमे से 6 अन्ट्रेसेबल हैं। जालना में 5 पाकिस्तानी नागरिक हैं। नाशिक शहर में 8 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं। जिसमें से 2 पाकिस्तानी अन्ट्रेसेबल हैं। नाशिक ग्रामीण में 2 पाकिस्तानी हैं, जिसमें से 1 पाकिस्तानी लापता हैं। नांदेड़ में 4 पाकिस्तानी नागरिक हैं, जिसमें से सभी चारों पाकिस्तानी नागरिक लापता हैं। नंदुरबार में 10 पाकिस्तानी रहते हैं, परभणी में 3 और पालघर में 1 पाकिस्तानी नागरिक रहता है। रत्नागिरी में 4 पाकिस्तानी रहते हैं, जिसमे से 1 अन्ट्रेसेबल है, सातारा में 4 और सांगली में 6 पाकिस्तानी नागरिक रहते हैं।

# '50 लाख पकड़ कर 50 हजार बताती है पुलिस'

- शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड का महाराष्ट्र पुलिस पर भ्रष्टाचार का आरोप

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना (शिंदे) के विधायक संजय गायकवाड ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पुलिस 50 लाख रुपए का माल पकड़ती है, लेकिन केवल 50 हजार का माल ही रिपोर्ट करती है। गायकवाड ने पुलिस को भ्रष्ट और अक्षम करार देते हुए, खासकर बुलढाणा की पुलिस को चोरों का सरदारर कहा। संजय गायकवाड ने कहा कि उनके घर के सामने उनकी कार जला दी गई, लेकिन पुलिस इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई। उन्होंने सवाल उठाया कि चोरी का माल पुलिसकर्मियों के घर कैसे पहुंचता है? इसके अलावा, गायकवाड ने बेनामी पत्र के जरिए अपने बेटे को मिली जान से मारने की धमकी पर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि यदि किसी को उनके बेटे तक पहुंचने की कोशिश करनी है, तो उन्हें पहले संजय गायकवाड जैसे पहाड़ का सामना करना होगा।



### संजय गायकवाड ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

गायकवाड ने यह भी कहा कि हर नए कानून के साथ पुलिस का हफ्ता बढ़ जाता है। उन्होंने शराबबंदी और गुटखा बंदी जैसे उदाहरण देते हुए कहा कि अगर पुलिस एक साल तक खुद गलत काम नहीं करेगी, तो स्थिति में सुधार हो सकता है। गायकवाड के इस बयान के बाद उन्होंने महाराष्ट्र पुलिस को भ्रष्ट बताते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और गृह मंत्री की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब एकनाथ शिंदे की शिवसेना के किसी विधायक ने विवादित बयान दिया हो ।इससे पहले, शिंदे की शिवसेना की विधान परिषद सदस्य नीलम गोर्हे ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की पार्टी पर मर्सीडीज के बदले पद बांटने का आरोप लगाया था।

पत्रा चॉल परियोजना

# इमारतों की गुणवत्ता जांच के लिए दो विशेषज्ञों की नियुक्ति का आदेश



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बांबे हाई कोर्ट ने वीरमाता जीजाबाई प्रौद्योगिकी संस्थान (वीजेटीआई) को गोरेगांव स्थित सिद्धार्थ नगर (पत्रा चॉल) में पुनर्वास इमारतों की गुणवत्ता जांच के लिए दो विशेषज्ञों की नियुक्ति करने का आदेश दिया है। अदालत ने वीजेटीआई को यह कार्य अगले सोमवार तक पूरा करने को कहा है।73 वर्षीय यमुना शेजवाल द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि पत्रा चॉल पुनर्वास परियोजना के तहत 671 किरायेदारों को उपयुक्त वैकल्पिक स्थायी आवास से वंचित रखा गया है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और न्यायमूर्ति कमल खाता की पीठ ने सुनवाई के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई और जांच के लिए विशेषज्ञों की नियुक्ति का निर्देश दिया।

### किरायेदारों का विरोध, लॉटरी के आवंटन को ठुकराया

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि पिछले 16 वर्षों से किरायेदार स्थायी आवास के लिए आंदोलन कर रहे हैं। हाल ही में लॉटरी के जरिये आवंटन किया गया था, लेकिन इमारतों की खराब गुणवत्ता के आरोप लगाते हुए कई लोगों ने नए मकानों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता के वकील समीर वैद्य ने दलील दी कि इमारतों की संरचनात्मक स्थिरता संदिग्ध है और ऐसे हालात में लोगों के जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता। उन्होंने कहा कि म्हाडा को इस लापरवाही की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

म्हाडा के मुंबई बोर्ड के मुख्य अधिकारी मिलिंद बोरिकर ने अदालत को बताया कि कब्जा लेने के एक साल के भीतर आवश्यक संरचनात्मक मरम्मत मुफ्त में कराई जाएगी। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि वीजेटीआई द्वारा कराए जाने वाले संरचनात्मक ऑडिट की कानूनी फीस रेलकॉन इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा दी जाएगी।

# सड़क खुदाई से बढ़ी नागरिकों की परेशानी

- शिवसैनिकों ने डी वॉर्ड के विभिन्न इलाकों का किया दौरा
- मनपा प्रशासन और ठेकेदारों से की बातचीत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मनपा प्रशासन ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पानी की पाइपलाइन, बिजली की लाइन, गैस सप्लाई और कांक्रीट सड़क निर्माण जैसे नागरिक सुविधाओं के कार्य शुरू किए हैं। इसके चलते शहर के कई गली-मोहल्लों में सड़क खुदाई की गई है, जिससे नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### गिरगांव के नागरिकों की समस्याओं पर फोकस

गिरगांव के मोरबाट लेन, खत्तर गल्ली, वी.पी. रोड, प्रार्थना समाज, आफर हाउस, चर्नी रोड और गांवदेवी जैसे इलाकों में सड़क निर्माण के लिए चल रही खुदाई से स्थानीय नागरिकों को भारी असुविधा हो रही है। नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं विधायक आदित्य ठाकरे के आदेश और सांसद अरविंद सावंत के मार्गदर्शन में शिवसैनिकों ने डी वॉर्ड के विभिन्न इलाकों का दौरा कर हालात का निरीक्षण किया।


### मनपा अधिकारियों और ठेकेदारों से चर्चा

इस दौरान शिवसेना उपनेता अरुण दुधवड़कर, विभाग प्रमुख संतोष शिंदे, महिला विभाग संगठक युगंधरा सालेकर, पूर्व नगरसेविका जया गोयथले, विशाखा पेडणेकर और समन्वयक शिवाजी रहाणे समेत कई वरिष्ठ शिवसैनिक और मनपा अधिकारी उपस्थित रहे। शिवसैनिकों ने ठेकेदारों और अधिकारियों से बातचीत कर कार्य में तेजी लाने और नागरिकों की समस्याओं को शीघ्र हल करने की मांग की।

### नागरिक सुविधाओं के कार्यों में गति लाने पर जोर

निरीक्षण के दौरान तय किया गया कि नागरिकों की असुविधा को कम करने के लिए सड़क निर्माण और पाइपलाइन बिछाने के कार्यों में तेजी लाई जाएगी। साथ ही कार्यस्थलों पर उचित चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और रास्ते में वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए।

# मुंबई क्राइम ब्रांच ने राणा से की आठ घंटे तक की पूछताछ



- टालमटोल भरे जवाब देने का आरोप

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा से नई दिल्ली में आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में है। एक अधिकारी ने बताया कि चार अधिकारियों वाली अपराध शाखा की टीम ने आतंकवादी हमलों की साजिश में उसकी कथित भूमिका के बारे में बुधवार को राणा से पूछताछ की थी।

### सही जवाब नहीं दे रहा राणा

अधिकारी ने आगे कोई जानकारी दिए बिना बताया कि पूछताछ के दौरान राणा ने टालमटोल भरे जवाब दिए और सहयोग नहीं किया। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी राणा (64) को इस महीने की शुरुआत में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों में उनकी कथित भूमिका के लिए अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया था। वह वर्तमान में राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में है।



### तहव्वुर राणा की परिजनों से बात करने की याचिका खारिज

इससे पहले पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर हुसैन राणा की अपने परिजनों से बात करने की याचिका खारिज कर दी। गुरुवार को विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा के आवेदन पर उसके अधिवक्ता और एनआईए की दलील सुनने के बाद कहा कि राणा को परिजनों से बात करने की अनुमति नहीं है।

# घरों की मांग को लेकर मिल मजदूरों का मोर्चा



### आशीष शेलार के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन की तैयारी

**मुंबई।** मुंबई के मिल मजदूर एक बार फिर अपने घरों की मांग को लेकर आक्रामक हो गए हैं। रविवार को वे बांद्रा पश्चिम स्थित उपनगर पालक मंत्री आशीष शेलार के कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन करने जा रहे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि उन्हें मुंबई के बाहर घर नहीं चाहिए और सरकार द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी किए गए फैसले को तुरंत रद्द किया जाए। मिल मजदूर यूनियन के संतोष मोरे ने बताया कि पिछले शुक्रवार उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हुई बैठक में भी कोई ठोस फैसला नहीं लिया गया। इसलिए मजदूर बड़ी संख्या में शेलार के कार्यालय के बाहर एकत्र होकर दबाव बनाएंगे कि वे सरकार से हमारी मांगों पर तत्काल बातचीत करें। मजदूरों की स्पष्ट मांग है कि उन्हें मुंबई शहर में ही घर मुहैया कराए जाएं।

### ढाई लाख मजदूरों ने किया आवेदन

मिल मजदूरों और उनके उत्तराधिकारियों ने मिल की जमीन पर घर पाने के लिए म्हाडा को आवेदन दिया है। हालांकि, अब तक केवल 25 हजार मजदूरों को ही मुंबई में घर आवंटित किए गए हैं। शेष 1.5 लाख से अधिक मजदूरों के घरों का मामला लंबित है, जो अब गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

राज्य सरकार ने पिछले साल निर्णय लिया था कि बचे हुए मजदूरों को मुंबई के बाहर शेटू और वांगनी जैसे इलाकों में घर दिए जाएंगे। इसके लिए 89 हजार घरों की परियोजना भी शुरू की गई है, लेकिन मजदूर इस फैसले से असंतुष्ट हैं और इसे रद्द करने की मांग कर रहे हैं।

# पर्यटन विभाग की विशेष परियोजनाओं पर अब मुख्यमंत्री करेंगे अंतिम फैसला

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के पर्यटन विभाग की विशेष परियोजनाओं और बड़े प्रारूप के निर्णयों के लिए अब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अंतिम फैसला लेने का अधिकार दे दिया है। वर्तमान में राज्य के पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी शिवसेना (शिंदे) के पास है और पर्यटन मंत्री शुंभराज देसाई हैं।



### फाइलों के विकेंद्रीकरण का निर्णय

राज्य सरकार ने पर्यटन विभाग में फाइलों के मंजूरी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए विकेंद्रीकरण का फैसला लिया है। इससे अब पर्यटन विभाग की फाइलें बहुत अधिक चक्कर नहीं लगाएंगी। पर्यटन विभाग ने इस बारे में एक परिपत्र भी जारी किया है, जिसके तहत 12 प्रमुख विषयों पर अंतिम निर्णय लेने के लिए जिम्मेदारी तय की गई है। अब पर्यटन विभाग की फाइलें मंजूरी के लिए अधिकतम तीन टेबल पर ही जाएंगी।

### पर्यटन योजनाओं पर निर्णय का अधिकार

इसके तहत साहसी पर्यटन, कृषि पर्यटन, महिला पर्यटन नीति समेत अन्य नीतिगत निर्णयों पर पर्यटन मंत्री शुंभराज देसाई और मुख्यमंत्री फडणवीस मिलकर अंतिम फैसला लेंगे। राज्य के पर्यटन स्थल, क्षेत्रीय पर्यटन विकास योजना और स्वदेश दर्शन जैसी योजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार पर्यटन मंत्री को होगा। इसके अलावा राज्य के पर्यटन विकास के लिए देश-विदेश में विभिन्न प्रदर्शनी, मेले और उत्सव के आयोजन पर भी पर्यटन मंत्री का निर्णय अंतिम होगा।

### प्राधिकरण और जिम्मेदारी में वृद्धि

महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल (एमटीडीसी) और पर्यटन निदेशालय से संबंधित विषयों पर भी पर्यटन मंत्री को अंतिम फैसला लेने का अधिकार प्राप्त होगा। पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव, उपसचिव और कक्ष अधिकारी को भी विभिन्न आदेशों, प्रमाणपत्रों और पत्रों को जारी करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

# बावनकुले का बस चलेगा तो मुझे 100 साल मुख्यमंत्री बनाए रखेंगे : फडणवीस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई/पुणे

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी है जिसमें उन्होंने कहा था कि फडणवीस 2034 तक राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। फडणवीस ने शनिवार को पुणे में कहा,बावनकुले का बस चले तो वह मुझे 100 साल तक मुख्यमंत्री बना रखें। वह मेरे अच्छे के लिए बोल रहे हैं, लेकिन राजनीति में भूमिकाएं बदलती रहती हैं। कोई भी मुख्यमंत्री लंबे समय तक पद पर नहीं रहता है। जब मेरी भूमिका बदलेगी, तो मैं उसे स्वीकार करूंगा।



### बावनकुले ने बयान पर दी सफाई

बावनकुले ने इस बयान पर सफाई देते हुए कहा कि मीडिया को उनकी भावनाओं को समझना चाहिए। उन्होंने कहा, बीते दिनों कांग्रेस के एक नेता ने मुझसे कहा था कि आपको मुख्यमंत्री बनना चाहिए। मैंने उनसे कहा कि फडणवीस ने महाराष्ट्र को विकसित बनाने का संकल्प लिया है और इसके लिए वह 2034 तक मुख्यमंत्री बने रहें, यह जरूरी है। हम चाहते हैं कि अगले 15 सालों तक राज्य में महायुति सरकार कायम रहे।

### शिवसेना (शिंदे) के नेताओं का तंज

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बावनकुले के बयान पर कोई टिप्पणी करने से बचते हुए हाथ जोड़कर अपनी शुभकामनाएं दीं। वहीं, शिवसेना (शिंदे) के नेता रामदास कदम ने तंज कसा और कहा, फडणवीस साल 2080 तक मुख्यमंत्री बने रहें, इसमें हमें कोई ऐतराज नहीं होगा।

**मध्य रेल**

**सोलापुर मण्डल**

**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदये आमंत्रित करते है. **निविदा क्र.: 08-2025-SrDENS कार्य का नाम:** A. i-Proposal for vegetation and jungle cleaning at various railway colonies, offices, service buildings in WDS-DUD section (incl. SUR) two times in a year for two years under ADEN/W/SUR. ii-Proposal for Rag picking including deweeding beyond 50m from longest PF edge to station limit of both ends of stations under ADEN(T)SUR & ADEN/KLBG sub-division for two years. **अनुमानित लागत रु:** Rs. 5,03,69,186.94 **बयाना रक्कम:** Rs. 4,01,900.00 **समापन की अवधी:** 24 Months **अनुरक्षण की अवधी:** NA **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय:** 12.05.2025 को 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय:** 12.05.2025 को 15.30 बजे. **निविदाकारों से निवेदन है की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे ANJ-50

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग कार्य**

सीनियर डीईई/टीआरएस/बीएल इलेक्ट्रिक लोको शेड, पश्चिमी रेलवे, वलसाड: 396 001 **ई-टेंडर सूचना संख्या: ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/16 दिनांक 21/04/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थान:** कार्य - सभी वलसाड-आधारित इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में उपकरणों की आपूर्ति के साथ टूलबॉक्स का निर्माण, आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग (मात्रा: 175 संख्या)। **कार्य की अनुमानित लागत:** 16,52,000/-,**ईएमडी:** 33,000/-, **जमा करने की तिथि और समय:** 17.05.2025, 12:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 17.05.2025 को 12:30 बजे। वेबसाइट विवरण: **www.ireps.gov.in.** 0072

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्री आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या एस/23/2025 दिनांक 22.04.2025**

| क्र. सं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 198 | मुख्य कंप्रेसर | 97 नग | 21-मई-25 |
| 199 | एकल फेस से तीन फेस | 50 नग | 21-मई-25 |

शुद्धिपत्र

कृपया निविदा सूचना संख्या के लिए नियत तिथि "28.04.2025" पढ़ें। एस-16-2025 दिनांक:-21.03.2025 क्रमांक 151

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 0077

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

## संपादकीय

# चूक की जवाबदेही

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम के भीषण आतंकी हमले ने देश के अंतर्मन पर गहरे जख्म छोड़े हैं। निस्संदेह, निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कई सवाल हमारे सामने छोड़ गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा किया। उस आतंकी हमले के बाद जिसमें छब्बीस लोग मारे गए थे। निस्संदेह, उनका यह दौरा हमारे इस सैन्य संकल्प की अभिव्यक्ति है कि हमारी सेना आम जन की सुरक्षा के लिये प्रतिबद्ध है। एक ऐसे क्षेत्र में जहां लोगों ने दशकों आतंक की त्रासदी झेली है, वहां प्रतीकात्मक जवाबदेही से आगे ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है। दुर्भाग्य से आतंकवादियों ने उस क्षेत्र को अपने आतंक का निशान बनाया, जो जम्मू-कश्मीर के अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्रों में शामिल था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस हमले को लेकर कोई खुफिया अलर्ट क्यों नहीं मिल पाया, जिससे लोगों में रोष व्याप्त हुआ है। दरअसल, सुरक्षा चूक की ऐसी घटनाएं सिस्टम की तैयारियों के प्रति जनता के भरोसे को प्रभावित करती हैं। इसमें दो राय नहीं है कि प्रधानमंत्री ने इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप किया। इस संकटपूर्ण स्थिति में उन्होंने अपनी विदेश यात्रा को बीच में ही रोकना प्राथमिकता समझा। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तुरंत जम्मू-कश्मीर पहुंचे। वहीं शाह का तुरंत घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण घटना की गंभीरता को ही रेखांकित करता है। अब चाहे ये प्रयास कितने भी तात्कालिक व ईमानदार क्यों न हों, वे प्रणालीगत सुधार के विकल्प नहीं हो सकते। वहीं दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आश्वासन दिया है कि हर अपराधी को पकड़ने के लिये सरकार कृतसंकल्प है। लेकिन इस तरह के आश्वासन केवल अल्पकालिक आवश्यकता को पूरा करते हैं। बेहतर होता कि हम पहले ही ऐसी चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करते कि परिंदा भी पर न मार सकता। निश्चित रूप से इस तरह के आतंकी हमले का व्यापक परिदृश्य हमें आत्ममंथन को विवश करता है। बहरहाल, पहलगाम आतंकी हमले से हुई जनहानि तमाम सवालों को जन्म देती है। हर किसी संवेदनशील मन में घटनाक्रम को लेकर अनेक प्रश्न उभरते हैं। आम विमर्श में यह मुद्दा उठता रहा है कि जम्मू-कश्मीर के इस संवेदनशील क्षेत्र में सेना की उपस्थिति क्यों नहीं थी। आखिर इस हमले की भनक हमारे खुफिया तंत्र को क्यों नहीं लगी। जम्मू-कश्मीर देश का सीमावर्ती व संवेदनशील क्षेत्र है। दशकों की आतंकी घटनाओं के चलते इस क्षेत्र में सेना, केंद्रीय सुरक्षा बलों, खुफिया एजेंसियों तथा स्थानीय पुलिस की उपस्थिति देश के अन्य राज्यों के मुकाबले काफी ज्यादा रहती है। सवाल यह भी है कि आखिर खुफिया एजेंसियों से किस स्तर पर और क्यों चूक हुई। आखिर स्थानीय व विदेशी आतंकवादी इतनी आसानी से हमारे सुरक्षा चक्र को भेदने में कैसे सफल रहे? ऐसे तमाम सवाल हमारे नीति-नियंताओं से पारदर्शी जवाब मांग रहे हैं। ऐसे में सिर्फ सार्वजनिक रूप से बयान देने से काम चलने वाला नहीं है। हमें सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की उन तमाम खामियों को दूर करना होगा, जिनके अभाव में आतंकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो सके। निस्संदेह, कश्मीर यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सुरक्षा बलों के बीच ऑपरेशनल समन्वय की समीक्षा की। लेकिन राष्ट्र और कश्मीरी सिर्फ प्रोटोकॉल को सख्त करने से कहीं अधिक चाहते हैं। पहलगाम आतंकी हमले के आलोक में खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को सक्षम बनाने, तेज प्रतिक्रिया ढांचे के निर्माण और सुरक्षा तंत्र की मजबूती को मूर्त रूप देने की जरूरत है। कश्मीर को लेकर हमारे दांव हमेशा ऊंचे होते हैं, अब चाहे वे सैन्य, भावनात्मक और राजनीतिक रूप से हों। हमें पहलगाम आतंकी हमले में अपनों को खोने वाले लोगों के दर्द को संवेदनशील ढंग से महसूस करना चाहिए। आज वास्तविक स्थिति में बदलाव की जरूरत है ताकि हमारे राष्ट्रीय संकल्पों को संबल मिल सके। हमें जमीनी असहज सच्चाइयों का सामना करना होगा। इनसे मुकाबला करने की दृढ़ इच्छाशक्ति ही भविष्य की चुनौतियों से पार पाने में हमें सक्षम बना सकती है।

## शख्सियत — मणिभाई भीमभाई देसाई

# सामाजिक कार्यकर्ता और स्वतंत्रता सेनानी



**कृष्ण चंद्र गजपति ओडिशा के एक प्रमुख भारतीय राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी थे। रेवेनशॉ कॉलेज और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त करने वाले गजपति सामाजिक सुधार और राजनीतिक मुक्ति के प्रति गहरी प्रतिबद्धता वाले एक दूरदर्शी नेता के रूप में उभरे।**

उनका जन्म 27 अप्रैल 1920 को ब्रिटिश भारत के सूरत जिले, बॉम्बे प्रेसीडेंसी के कोसमाडा गांव में हुआ था। स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद मणिभाई स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के साथ शामिल हो गए। महात्मा गांधी 1946 में पुणे शहर के पास उरुली कंचन गांव में रुके थे। उस समय गांधीजी का पश्चिमी चिकित्सा से भरोसा उठ गया था और वे प्राकृतिक चिकित्सा का पता लगाना चाहते थे। इस उद्देश्य से उन्होंने मणिभाई को उराली में नव स्थापित प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम के प्रबंधक के रूप में नामित किया। युवा मणिभाई ने महात्मा गांधी को उरुली के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने की प्रतिज्ञा दी। वहां उनकी पहली प्रमुख गतिविधि प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम का प्रबंधन करना था जो आज भी जारी है और पूरे भारत में प्रसिद्ध है। आश्रम में प्राकृतिक चिकित्सा चिकित्सा गांधीजी द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करती थी। इनमें आहार का नियमन, उपवास, धूप-स्नान, सिंकाई, भाप-स्नान, मिट्टी-पट्टी, मालिश और गैर-हानिकारक देशी जड़ी-बूटियां शामिल थीं। मणिभाई ने इसके बाद उरुली में एक हाई स्कूल खोला।

हालांकि गांधीवादी सिद्धांत मणिभाई के काम के केंद्र में थे, उनका मानना था कि ग्रामीण गरीब वैज्ञानिक प्रगति से लाभान्वित हो सकते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम में अपने काम के दौरान, मणिभाई ने खुद को बागवानी और मवेशी प्रजनन के पहलुओं को सिखाया। इसे अगले चरण में ले जाने के लिए, उन्होंने 1967 में एनजीओ भारतीय एग्रो-इंडस्ट्रीज फाउंडेशन (बीएआईएफ) की स्थापना की। BAIF गुजरात के गिर जैसी मजबूत भारतीय नस्लों के साथ होल्सटीन फ्रीजियन और जर्सी जैसे उच्च उपज देने वाले यूरोपीय मवेशियों के क्रॉस ब्रीडिंग में अग्रणी रहा है। इस अवधि के दौरान मणिभाई ने पशु प्रजनन, खेती की तकनीकों के बारे में जानने और धन जुटाने के लिए डेनमार्क, ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और इजराइल जैसे दुनिया भर के कई देशों का दौरा किया। उच्चतम स्तर पर भारतीय राजनेता गाय प्रजनन गतिविधियों को देखने के लिए उराली का दौरा करते थे। बाद में मणिभाई ने पशु स्वास्थ्य, पोषण, वनीकरणबंजर भूमि विकास और आदिवासी विकास को शामिल करने के लिए BAIF के लिए गतिविधियों का दायरा बढ़ाया।

# पेड़ जीव जंतुओं का संरक्षण आवश्यक

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन



पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा

**संजीव ठाकुर**

सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है-

**जो घर बनाओ तो**
**एक पेड़ भी लगा लेना,**
**पंछी सारे उपवन के**
**चहचहा उठेंगे।**


कास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

## जीवन मंत्र

# मुश्किल रास्ते अक्सर खूबसूरत मंजिलों तक ले जाते हैं

**जब हम मुश्किल हालात में डटे रहते हैं, तब ही हमारे भीतर धैर्य, साहस और आत्मबल का बीजारोपण होता है। आसान जीत हमें थोड़ी देर की खुशी दे सकती है, लेकिन कठिन संघर्ष से पाई गई सफलता जीवनभर का गर्व बन जाती है।**

जीवन में सफलता पाने का सपना हर कोई देखता है, लेकिन उस सपने को हकीकत में बदलने के लिए जो रास्ता अपनाना पड़ता है, वह हमेशा आसान नहीं होता। अक्सर लोग यह सोचते हैं कि मंजिल तक पहुँचने का रास्ता सीधा और सरल होगा, लेकिन असलियत इससे बिल्कुल अलग होती है। जो रास्ते सबसे ज्यादा कठिनाइयों से भरे होते हैं, वही हमें सबसे सुंदर और मूल्यवान उपलब्धियों तक ले जाते हैं। मुश्किलें हमारी परख करती हैं, हमें तैयार करती हैं और हमें सिखाती हैं कि सच्ची सफलता केवल पाने से नहीं, बल्कि उसे हासिल करने के संघर्ष में भी छुपी होती है। इसलिए जब भी जिंदगी में कठिन मोड़ आएं, तो हमें डरना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ स्वीकार करना चाहिए। कठिन रास्तों पर चलते समय हमें कई बार ऐसा महसूस होता है कि हम हार जाएंगे, हम टूट जाएंगे। लेकिन सच्चाई यह है कि हर गिरावट हमें मजबूत बनाती है और हर असफलता हमें अगले प्रयास के लिए और भी तैयार करती है। जब हम मुश्किल हालात में डटे रहते हैं, तब ही हमारे भीतर धैर्य, साहस और आत्मबल का बीजारोपण होता है। आसान जीत हमें थोड़ी देर की खुशी दे सकती है, लेकिन कठिन संघर्ष से पाई गई सफलता



जीवनभर का गर्व बन जाती है। यही कारण है कि जब हम मुश्किल रास्तों से गुजरते हैं और फिर मंजिल पर पहुँचते हैं, तो हमें केवल लक्ष्य पाने की खुशी नहीं होती, बल्कि उस सफर पर भी गर्व होता है जिसने हमें इंसान के रूप में निखारा। इतिहास में झाँक कर देखें तो पाएंगे कि हर महान व्यक्ति ने कठिनाइयों का सामना किया है। अब्दुल कलाम से लेकर महात्मा गांधी तक, हर किसी की यात्रा संघर्षों से भरी थी। अगर वे इन मुश्किलों से हार मान लेते, तो शायद आज हम उनके अद्भुत योगदानों को याद नहीं कर पाते। कठिन रास्ते न केवल हमें लक्ष्य तक पहुँचाते हैं, बल्कि हमें एक ऐसा दृष्टिकोण भी देते हैं, जिसमें हम जीवन को गहराई से समझ पाते हैं। संघर्ष हमें सिखाता है कि हार भी जरूरी है, क्योंकि हार के बिना जीत का स्वाद फीका पड़ जाता है। अंततः, कठिनाइयाँ जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं और हमें इन्हें गले लगाना सीखना चाहिए। हर दर्द, हर चुनौती हमें एक कदम आगे बढ़ाती है। जब हम कठिन रास्तों पर धैर्य और विश्वास के साथ चलते हैं, तब ही हमें जीवन की असली ऊँचाइयों का अनुभव होता है। इसलिए कभी भी मुश्किलों से घबराकर रुकना नहीं चाहिए, क्योंकि शायद वही कठिन रास्ता हमें उस खूबसूरत मंजिल तक ले जा रहा है, जिसका सपना हमने अपनी आँखों में संजोया है। मुश्किलें जितनी बड़ी होंगी, मंजिल उतनी ही भव्य और चमकदार होगी बस चलते रहना जरूरी है।


## जीवन ऊर्जा

हरबर्ट स्पेन्सर : जन्म, 27 अप्रैल 1820 — जन्म

# शिक्षा का महान उद्देश्य ज्ञान नहीं बल्कि कार्रवाई है


**हरबर्ट स्पेंसर का जन्म 27 अप्रैल 1820 को डर्बी, इंग्लैंड में हुआ था। वह विक्टोरिया काल के एक अंग्रेज दार्शनिक, जीव-वैज्ञानिक, समाजशास्त्री और प्रसिद्ध पारंपरिक उदारवादी राजनैतिक सिद्धांतकार थे। स्पेंसर ने द इकोनॉमिस्ट पर उप-संपादक के रूप में काम करते हुए अपनी पहली पुस्तक, सोशल स्टैटिक्स प्रकाशित की। हरबर्ट स्पेंसर कि मृत्यू 8 दिसंबर 1903 आयु 83 में ब्राइटन , ससेक्स , इंग्लैंड में हुई थी।**

शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण है। विज्ञान संगठित ज्ञान है। किसी जीवित वस्तु को किसी भी क्षण होने वाले परिवर्तनों की बहुलता से एक मृत वस्तु से अलग किया जाता है। चरित्र निर्माण के लिए शिक्षा के पास अपनी वस्तु है। साहसिक बनो, साहसिक बनो, और हर जगह साहसिक बनों। कितनी बार दुरूपयोग शब्द भ्रामक विचार उत्पन्न करते हैं। कोई भी पूरी तरह से खुश नहीं हो सकता जब तक कि सभी खुश न हों। सारा समाजवाद दासता को जोड़ता है। सभी प्रकार की बेवफाई एक गहरा डर है। स्वास्थ्य का संरक्षण एक कर्तव्य है शारीरिक नैतिकता जैसी कोई चीज़ नहीं। प्यार जिंदगी का अंत है, लेकिन कभी खत्म नहीं होता। प्यार जीवन की दौलत है, कभी खर्च नहीं होती। जंगली जानवर के लिए एक पिंजरा क्या है, कानून स्वार्थी आदमी



के लिए है। हर कारण एक से अधिक प्रभाव पैदा करता है। मूर्खता के प्रभाव से पुरूषों को बचाने का अंतिम परिणाम दुनिया को मूर्खों से भरना है। जीवन बाहरी संबंधों के आंतरिक संबंधों का निरंतर समायोजन है। सरकारे अनिवार्य रूप से अनैतिक है। पवित्र की अशुद्धता पर एक पूरा लेख लिखा जा सकता है। एक जूरी औसत अज्ञान के बारह पुरूषों के समान है। हम सभी पूर्वाग्रह को मिटाते हैं फिर भी सभी पूर्वाग्रह से ग्रसित है। वीर-पूजा सबसे मजबूत है जहां मानव स्वतंत्रता के लिए कम से कम सम्मान है। विज्ञान में महत्वपूर्ण बात यह है कि विज्ञान की प्रगति के रूप में किसी के विचारों को संशोधित और बदलना है। हमारा जीवन हमारी अज्ञानता से सार्वभौमिक रूप से छोटा हो गया है। एक नैतिक प्राणी के रूप में मनुष्य की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता आत्म-नियंत्रण की क्षमता है। शिक्षा पूरी तरह से जीने की तैयारी है। ब्रह्मांड की सभी संरचनाएं एक सरल, समान, समरूपता से एक जटिल, भिन्न, विविधता में विकसित होते हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# निद्रा, जागरण और आहार का समन्वय

निद्रा, जागरण और आहार की परिधि में मनुष्य ही नहीं, बल्कि हर जीव रहता है। इसे जीवन का त्रिकोण भी कहा जाता है। स्वास्थ्य विज्ञान के अनुसार भी स्वस्थ जीवन के लिए सुखद नींद अत्यंत आवश्यक है। दिन भर क्रियाशील अवस्था के बाद आंतरिक शरीर में जिन अवयवों तथा तत्वों की क्षति होती है, उनकी पूर्ति नींद की अवस्था में होती है। जैसे लगातार दौड़ता हुआ व्यक्ति यदि कुछ क्षणों के लिए विश्राम कर लेता है, तो उसे दौड़ने की पुनः ऊर्जा मिल जाती है। निद्रा के बाद का जागरण व्यक्ति के लिए पुनर्जन्म की तरह ही होता है। सुखद निद्रा के बाद सुखद जागरण अवश्य होता है। रही बात सुखद निद्रा की, तो वह सकारात्मक दिनचर्या तथा चिंतन से ही संभव है। इस शयन को देवशयन



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



मानना चाहिए, जबकि नकारात्मक कार्यों से नींद तो बाधित होती ही है, भूख में भी व्यवधान पड़ता है। दवाओं का उपयोग करना पड़ता है। देर सुबह जागने के बाद भी आलस्य बना रहता है। उक्त परिस्थिति में मनुष्य न तो स्वस्थ रह सकेगा और न ही उत्तम कार्य कर सकेगा। इसे दानवशयन कहा गया है। सुखद नींद और जागरण के साथ गीता में उत्तम और सात्विक आहार का उल्लेख है। इस तरह, स्वस्थ और उन्नत जीवन के लिए निद्रा, जागरण तथा आहार का योग आवश्यक है। भगवान विष्णु की योगनिद्रा के गहरे निहितार्थ हैं। चार माह का शयन वर्ष का एक तिहाई हिस्सा है। इससे यही अर्थ निकलता है कि 24 घंटे में एक तिहाई समय का उपयोग शयन के लिए, एक तिहाई क्रियाशील रहकर कर्म तथा उद्यम के लिए और एक तिहाई अन्य कार्यों, यथा स्नान, ध्यान, गृहस्थी आदि के लिए करना चाहिए। भगवान विष्णु योगनिद्रा के बाद जब जागृत होते हैं, तब स्थगित शुभकर्म शुरू हो जाते हैं। इन सभी स्थितियों से यह झलकता है कि योग तथा चैन की नींद जिसके पास है, वही अपने जीवन में उत्तम कार्य कर सकता है।

## अपने विचार



जंग के खिलाफ सभी रहते हैं. वॉर के पक्ष में कोई नहीं है। वॉर सॉल्यूशन नहीं है जो आपकी नाकामी हुई है। बीजेपी के लोग इस पर राजनीति नहीं करें.। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि ठोस कदम उठाएंगे। तो भाजपा के लोगों को इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए।

**- अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख



अगर वह लोग धर्म के बारे में इस तरीके से व्यवहार करते हैं तो हम उनसे चीजें क्यों खरीदें और उन्हें अमीर क्यों बनाएं? आप लोगों को यह संकल्प लेना चाहिए कि जब भी आप खरीदारी करें तो उसे केवल हिंदू से ही करें।

**-नितेश राणे,** मंत्री, महाराष्ट्र



प्रशांत किशोर ने जो कहा है उस पर लीगल एक्शन की रणनीति तैयार हो गया है। हम लोग दलित परिवार से आते हैं, तलवार लेकर लड़ नहीं सकते लेकिन, सामान्य नागरिक होने के नाते जो संसाधन है उसका प्रयोग करेंगे।

**-अशोक चौधरी,** मंत्री, बिहार



हम आपसे आगे बढ़ने का आग्रह करते हैं। हम 140 करोड़ भारतीय आपके साथ खड़े रहेंगे। पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित करें और पीओके को भारत में विलय करें। हम सभी आपके साथ हैं। यह राजनीति करने का समय नहीं है।

**-रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार)।

# एमएमआरडीए ने वित्तीय नवाचार में रचा इतिहास

दीपक पवार । मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने वित्त वर्ष 2024-25 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए गैर-किराया राजस्व (नॉन-फेयर बॉक्स रेवेन्यू) में तीन गुना वृद्धि दर्ज की है। पिछले वर्ष 42.5 करोड़ के मुकाबले इस वर्ष 122 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो 187% की बढ़त को दर्शाता है। यह उपलब्धि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को आत्मनिर्भर और यात्री-केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। एमएमआरडीए का कुल परिचालन राजस्व भी वित्त वर्ष 2023-24 के 190 करोड़ से बढ़कर 2024-25 में 292 करोड़ तक पहुंच गया, जो कि तय किए गए 200 करोड़ के लक्ष्य से काफी अधिक है। एमएमआरडीए द्वारा किए गए रणनीतिक प्रयासों से यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाले बिना संचालन को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। किराया राजस्व भी 147 करोड़ से बढ़कर 170 करोड़ हो गया है, जो 15.6% की वृद्धि है।

एम एम आर डी ए
MMRDA

## गैर-किराया राजस्व में तीन गुना बढ़ोतरी

### गैर-किराया राजस्व

- ऑप्टिकल फाइबर केबल लाइसेंसिंग : 61.72 करोड़
- स्टेशन विज्ञापन : 23.95 करोड़
- ट्रेन विज्ञापन (भीतर और बाहर) : 7.47 करोड़
- रिटेल आउटलेट्स और कियोस्क : 8.22 करोड़
- स्टेशन नामकरण और ब्रैंडिंग अधिकार : 9.76 करोड़
- मानव संसाधनों का प्रभावी उपयोग : 5.43 करोड़
- टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर रेवेन्यू : 4.52 करोड़
- अन्य आय (शूटिंग पॉलिसी, स्मॉल सेल, प्रमोशन) : 0.65 करोड़

## महामुंबई मेट्रो का नया विजन

एमएमआरडीए की सहयोगी संस्था महा मुंबई मेट्रो (एमएमएमओसीएल) मेट्रो लाइन 2A और 7 के संचालन के साथ राजस्व बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही है। इसमें पिलर विज्ञापन अधिकार, स्टेशनों और डिपो पर शूटिंग के लिए किराया, इवेंट ब्रैंडिंग और 73,000 वर्गफुट से अधिक रिटेल-एफ एंड बी क्षेत्र का अधिकतम उपयोग शामिल है।



एमएमआरडीए के शानदार वित्तीय परिणाम महाराष्ट्र को कुशल और टिकाऊ शहरी परिवहन का आदर्श मॉडल बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं।
**देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री**



गैर-किराया राजस्व में तीन गुना वृद्धि हमारी प्रगतिशील मेट्रो प्रणाली की दूरदृष्टि और आर्थिक विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
**एकनाथ शिंदे, एमएमआरडीए अध्यक्ष**



200 करोड़ का लक्ष्य पार कर 292 करोड़ का राजस्व हासिल करना एक सुनियोजित रणनीति और राज्य सरकार के सहयोग का परिणाम है।
**डॉ. संजय मुखर्जी, महानगर आयुक्त**

# बीएमसी ने संपत्ति कर में विलंब शुल्क घटाने का प्रस्ताव रखा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



**जुर्माना 2% से घटाकर 1% करने की सिफारिश**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने संपत्ति कर के विलंबित भुगतान पर लगने वाले जुर्माने को मौजूदा 2% से घटाकर 1% प्रति माह करने का प्रस्ताव दिया है। इसका उद्देश्य समय पर कर भुगतान को प्रोत्साहित करना और बढ़ते बकायादारों की संख्या पर नियंत्रण पाना है। बीएमसी अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा 2% मासिक विलंब शुल्क (जो सालाना 24% तक पहुँचता है) अत्यधिक है और करदाताओं के लिए हतोत्साहक बन चुका है। कई मामलों में पेनल्टी की राशि मूल कर राशि से भी अधिक हो जाती है, जिससे करदाता अपने बकाया चुकाने से कतराते हैं।

## तीन साल से अटका हुआ प्रस्ताव

बीएमसी ने 2022 में ही राज्य सरकार को विलंब शुल्क घटाने का प्रस्ताव भेजा था, लेकिन अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। प्रस्ताव को राज्य मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलनी आवश्यक है, मगर यह तीन वर्षों से लंबित पड़ा है। वित्त वर्ष 2024-25 में बीएमसी ने रिकॉर्ड 6,388 करोड़ रुपए का संपत्ति कर संग्रह किया, जो 2010 के बाद से अब तक का सबसे अधिक है। बावजूद इसके, बीएमसी को पिछले 15 वर्षों में जमा हुए लगभग 22,000 करोड़ रुपए की बकाया राशि वसूलने में कठिनाई हो रही है।

# सिडको प्रकल्पग्रस्त भूमिपुत्रों का धरना प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता । उरण



सिडको प्रकल्पग्रस्त भूमिपुत्रों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सोमवार से सिडको भवन में बेमुदत धरना आंदोलन शुरू किया जाएगा, इस बात की जानकारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के रायगड जिला सचिव रामचंद्र म्हात्रे ने दी। इस आंदोलन में मुख्य रूप से सरकार द्वारा भूमिपुत्रों के निर्माण कार्य (घर) नियमित करने के फैसले की मांग की गई है। इसके बावजूद सिडको द्वारा इन निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है, जिसे तुरंत रोकने की मांग की गई है। आंदोलनकारियों का कहना है कि सिडको को पहले प्रकल्पग्रस्तों के लंबित मामलों का समाधान करना चाहिए। चालीस वर्षों के लंबे समय के बाद भी उरण के द्रोणागिरी नोड में 400 से अधिक सिडको प्रकल्पग्रस्तों को साढ़े बारह प्रतिशत भूखंडों का वितरण नहीं किया गया है। इन भूमिपुत्रों को तुरंत भूखंडों का वितरण किया जाना चाहिए।

# कचरे से टिकाऊ उत्पाद बनाने की कार्यशालाओं में छात्रों का उत्साहपूर्ण सहभाग

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में, नवी मुंबई महानगरपालिका (NMMC) द्वारा 1 मई तक पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान महाराष्ट्र सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की घोषणा के अनुरूप मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में और शिक्षा विभाग के उपायुक्त श्री संघरत्ना खिल्लारे की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों और विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।



## कार्यशालाओं का आयोजन

गुरुवार को नवी मुंबई के विभिन्न नगर निगम और निजी स्कूलों में घरेलू कचरे से टिकाऊ उत्पाद बनाने पर विशेष कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। इन कार्यशालाओं में छात्रों को यह सिखाया गया कि वे प्लास्टिक की बोतलों, पुराने कपड़ों, डिब्बों, चॉकलेट के रैपर और अन्य बेकार वस्तुओं से रचनात्मक और उपयोगी उत्पाद कैसे बना सकते हैं।

## शिक्षकों का योगदान

शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सुंदर सजावटी वस्तुएँ, फूलदान, शोपीस, पौधों के गमले आदि बनाकर प्रदर्शित किया और उन्हें भी यही उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित किया। इस पहल ने न केवल विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित किया, बल्कि उनमें कचरे के प्रबंधन और पुन: उपयोग के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न की।

# क्लस्टर विकास योजना के खिलाफ डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने उठाई आवाज

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

मानपाड़ा, आजादनगर और मनोरमा नगर में प्रस्तावित क्लस्टर विकास योजना को लेकर स्थानीय नागरिकों का विरोध तीव्र हो गया है। इस विरोध की अगुवाई राकांपा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड कर रहे हैं, जिन्होंने इस योजना के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है स्थानीय निवासियों ने इस योजना के खिलाफ विरोध जताने के लिए अपने घरों पर लगे रजिस्ट्रेशन नंबर को सफेद पेंट से मिटाना शुरू कर दिया है। डॉ. आव्हाड ने इस मामले में सवाल उठाया कि अगर जनता इस योजना के विरोध में है, तो फिर क्यों इसे लागू किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का मतलब जनमत का सम्मान करना है, और यहां पर यह नज़र नहीं आ रहा है। डॉ. आव्हाड ने ठाणे मनपा प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका काम नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करना होना चाहिए, लेकिन वे बिल्डरों की संपत्ति बढ़ाने में अधिक रुचि रखते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि स्कूलों को बंद किया जा रहा है, तो यह साफ़ दर्शाता है कि पैसे के लालच में मानवता से समझौता किया जा रहा है।




## निवासियों की मदद का आश्वासन

डॉ. आव्हाड ने हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों से कहा कि वह हमेशा गरीबों के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर हर घर से एक-एक व्यक्ति सड़क पर उतर आए, तो किसी भी अधिकारी में इतनी हिम्मत नहीं होगी कि वह उन्हें उनके घरों से बाहर निकाल सके। डॉ. आव्हाड ने ठाणे मनपा प्रशासन को चेतावनी दी कि वे गरीबों के गुस्से की परीक्षा न लें, क्योंकि यह अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्लस्टर योजना खुद बिल्डर-उन्मुख है और इसे खत्म किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में राकांपा पार्टी के जिला अध्यक्ष सुहास देसाई, रचना वैद्य, एकनाथ जाधव और अन्य पार्टी सदस्य भी शामिल थे।

# मुंबई विश्वविद्यालय में बजट प्रक्रिया को लेकर युवा सेना और बुक्टु का आंदोलन

▸▸ फोर्ट कैंपस के बाहर शांतिपूर्ण आंदोलन, लेकिन पुलिस ने दर्ज किया मामला




डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई विश्वविद्यालय के 2025-26 आर्थिक वर्ष के बजट की प्रक्रिया दोबारा पारित करने और छात्रों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की मांगों को लेकर 15 अप्रैल को शिवसेना (ठाकरे) की युवा सेना और बॉम्बे यूनिवर्सिटी एंड कॉलेज टीचर्स यूनियन ('बुक्टु') के अधिसभा सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के फोर्ट परिसर के बाहर आंदोलन किया। सितंबर 2024 में मुंबई विश्वविद्यालय की प्रबंधन परिषद ने निर्णय लिया था कि परिसर में बिना पूर्व अनुमति कोई सभा, मोर्चा, आंदोलन, उपवास या विरोध प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। इस बाबत एक परिपत्रक भी जारी किया गया था।

## आंदोलन के लिए अनुमति न मिलने के बावजूद प्रदर्शन

युवा सेना और बुक्टु का आरोप था कि विश्वविद्यालय के 2025-26 बजट को प्रबंधन परिषद से मंजूरी नहीं मिली है। इसी के चलते, उन्होंने आंदोलन की घोषणा की और शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन की जानकारी प्रशासन को दी थी। प्रशासन ने आंदोलन की अनुमति नहीं दी और आझाद मैदान पुलिस को पत्र भेजकर बंदोबस्त की मांग की थी।

## पुलिस ने नोटिस के बावजूद आंदोलन पर जताई आपत्ति

आझाद मैदान पुलिस ने भी आंदोलन न करने का निर्देश देते हुए नोटिस भेजा था। इसके बावजूद फोर्ट कैंपस के बाहर प्रदर्शन किया गया, जिसके चलते पुलिस ने युवा सेना और बुक्टु के अधिसभा सदस्य व कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

## 23 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज

जमावबंदी आदेश का उल्लंघन करने और कानून व शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 135 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 189 (1), 189 (2), 189 (3), 190 और 223 के तहत आझाद मैदान पुलिस थाने में कुल 23 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मानसूनी बीमारियों की रोकथाम के लिए बीएमसी ने बनाया विभागवार कार्ययोजना

## प्रशासकीय विभागवार शीघ्र प्रतिसाद टीम का गठन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने इस वर्ष मानसून में होनेवाली बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशासनिक विभागों के अनुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। शीघ्र प्रतिसाद कार्यदल गठित किए जाएंगे, जो सहायक आयुक्त, चिकित्सा अधिकारी और कीट नियंत्रण अधिकारियों के समन्वय से काम करेंगे। मानसूनी रोगों की रोकथाम के लिए बीएमसी के नेतृत्व में सक्रिय उपाय किए जाएंगे। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के कर्मचारी, निजी अस्पतालों के डॉक्टर, निर्माण स्थलों के सुरक्षा अधिकारी और मजदूरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, रोगियों की पहचान से लेकर उपचार तक की व्यवस्था भी सुदृढ़ की जाएगी। हर प्रशासनिक विभाग में शीघ्र प्रतिसाद दल गठित किए जाएंगे, जो विभिन्न स्थानों का दौरा कर डेंगू व मलेरिया जैसे रोगों के संभावित स्थानों की जांच करेंगे।



### नागरिकों से सहयोग की अपील

मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त और प्रशासक भूषण गगराणी ने सभी संस्थाओं और नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और सहयोग करने की अपील की है, ताकि शहर में मानसूनी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

### आवश्यक उपचार सुविधाएं उपलब्ध

बीएमसी के सभी अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में बुखार के मरीजों के लिए आवश्यक निदान और उपचार सुविधाएं तैयार की गई हैं। नागरिकों से बुखार के लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सा सलाह लेने की अपील की गई है।

### समन्वय के लिए व्हाट्सऐप ग्रुप बनाए जाएंगे

डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के लिए व्हाट्सऐप ग्रुप बनाए जाएंगे। साथ ही मई के दूसरे सप्ताह में एक संयुक्त निरीक्षण दौरा भी आयोजित किया जाएगा।

# महारेरा के आदेशों पर अमल तेज़

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबईः महारेराने जिन बिल्डरों ने शिकायतकर्ताओं को घर की रकम और ब्याज वापस नहीं किया, उनके खिलाफ वसूली आदेश (रिकवरी वॉरंट) जारी किए हैं। लेकिन जिलाधिकारियों के माध्यम से वसूली की रफ्तार धीमी होने से अब भी ६८९.९८ करोड़ रुपए की राशि बकाया है। छह जिलों में ६८४.५६ करोड़ रुपए की बकाया वसूली मुंबई शहर, मुंबई उपनगर, ठाणे, रायगढ़, पालघर और पुणे इन छह जिलों में सबसे ज्यादा बकाया वसूली है। इनमें मुंबई उपनगर में सर्वाधिक ३२५.४३ करोड़ रुपए तथा पुणे में १७७.३७ करोड़ रुपए की वसूली लंबित है।

- बकाया वसूली के लिए 12 अधिकारी नियुक्त
- 689.98 करोड़ रुपए की बकाया वसूली अब भी लंबित

**अब तक ९१२.११ करोड़ के वसूली आदेशों में केवल २२२.१३ करोड़ की वसूली**

महारेरा में दर्ज कई शिकायतों के बाद ९१२.११ करोड़ रुपए के वसूली आदेश जारी किए गए थे। लेकिन अब तक केवल २२२.१३ करोड़ रुपए की वसूली हो पाई है। बड़ी संख्या में ग्राहक अभी भी अपने पैसे की वापसी का इंतज़ार कर रहे हैं। राज्य सरकार ने २२ अप्रैल को जारी आदेश के तहत, छह जिलों में दो-दो समर्पित राजस्व वसूली अधिकारी नियुक्त किए हैं। ये अधिकारी जिलाधिकारी के निर्देशन में बकाया वसूली की प्रक्रिया को गति देंगे।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी।

**वृष** — संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

**मिथुन** — रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें।

**कर्क** — आज घर में क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दु:खद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**सिंह** — मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा।

**कन्या** — मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला** — यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें।

**धनु** — नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

**मकर** — नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा।

**कुंभ** — कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन** — वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

# केतु का दूसरा नाम तड़प




प्रियंका जैन
9769994439

पास दरिया है फिर भी प्यास है। जैसे दरिया के पास भरपूर मात्रा में पानी है फिर भी प्यास नहीं भुझा पता वैसे ही केतु दरिया है समंदर है किंतु संतुष्टि नहीं है। लोगो को लगता है ये बहुत सुखी है, धनी है, किंतु अंदर से इंसान खोखला होगा । सुखी दिखने वाला अंदर सेभर वक्त तड़प महेसुस करेगा। आइए जानते है भाव द्वारा कैसी तड़प होगी।केतु हर भाव में।

प्रथम भाव : अस्तित्व की तड़प सब कुछ होते हुए भी इंसान को लगेगा कुछ कमी है मेरे व्यक्तित्व में । अंदर ही अंदर दूसरों का व्यक्तित्व देख एक कमी बनी रहती है।

दूसरे भाव : फैमिली होते हुए भी अकेलेपन का एहसास या पढ़ाई के लिए या कोई ऐसे कारण से कुटुंब से दूर, धन खूब होगा किंतु बचा नही पाना, ज्ञान खूब होगा किंतु वाणी का उपयोग करने से डर।

तृतीय भाव : लिखने में माइंड का उपयोग करने में रूकावटे, साहस से भरपूर जिगर किंतु कोई अनजान भय के कारण पराक्रम नही कर पाएंगे।

चतुर्थ भाव : माता से खूब प्रेम किंतु माता के प्रेम के लिए हमेशा तड़पना पड़ेगा। मजबूरी से जन्मभूमि एवं जननी से दूर जाना पड़ेगा।

पंचम भाव : जितना लगाव ज्यादा उतनी तड़प ज्यादा चाहे वो संतान हो या प्रेमी या मनपसंद विद्या का क्षेत्र।

षष्ठ भाव : मनपसंद नोकरी होगी व्यवसाय का क्षेत्र भी होगा किंतु प्रतिस्पर्धा की भावना के कारण जो भी सिचुएशन है उसमे संतुष्टि नहीं होगी।

सप्तम भाव : वैवाहिक जीवन में सर्वगुण संपन्न जीवनसाथी होने पर भी कोई न कोई कमी हमेशा खलेगी। प्यार की तड़प मनचाही व्यक्ति की तड़प जीवनपर्यंत रहेगी।

अष्टम भाव : कितने भी आध्यात्मिक हो किंतु भगवान रूठ न जाए ये भय बना रहेगा। ससुराल कितना अच्छा क्यू ना हो परंतु उससे संतुष्टि नहीं मिलेगी न आपसे ससुराल खुश रह पाएगा। काम मेहनत ज्यादा पैसे की आस बनी रहती है।

नवम भाव : भाग्य से हमेशा शिकायत सब कुछ भाग्य देगा फिर भ् दूर दूर की यात्रा करने की चाह बनी रहेगी। देश घूम लिए तो दुनिया घूमने की चाह दुनिया घूमे तो भी कुछ बाकी रह गया जैसी परिस्थिति।

दशम भाव : कितने भी अवार्ड मिल जाए एक और मिलता तो अच्छा था, उससे ज्यादा मेरा काम चलता तो अच्छा था, काश मेरे कर्म मेरे पसंद के होते ! व्यापार खुशी से करता यह तो करना पड़ रहा है जैसी परिस्थिति।

ग्यारहवां भाव : पूरी दुनिया जहां की खुशी मिल जाए , पैसे मिल जाए फिर भी कुछ बाकी रह गया । मेरे पास जितनी काबिलियत है उसके सामने मुझे कुछ भी हासिल नहीं हो पाया। समाज को मैने सबकुछ दिया फिर भी मेरी कदर न की दुनिया ने ये वाला हाल होगा।

बारहवां भाव : अनजान डर बीमार हो जाऊंगा, जल्दी मृत्यु आयेगी चल जल्दी जल्दी पैसे कमा ले खर्च न करे बचाकर रखे, भगवान से डर कल को उसीके पास जाना है । यही डर से जीवन के प्रति मोह कम कर लेते है , मोक्ष की तरफ अग्रसर होते है।

# यूपी में सीएम योगी बना रहे 57 स्मार्ट नगर पालिकाएं

## 40 हजार करोड़ रुपए से होगा विकास

एजेंसी | लखनऊ

यूपी में स्मार्ट सिटी की तर्ज पर प्रदेश की 57 नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर पालिकाओं में डेवलप किया जा रहा है. ईज ऑफ लिविंग के मानकों के अनुसार प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है. एक ओर जहां प्रदेश में 17 स्मार्ट शहर बनाये गये हैं. उसी अनुरूप जिला मुख्यालयों पर स्थित 57 नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर पालिकाओं की दर्ज पर विकसित किया जा रहा है. परियोजना के लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है. स्मार्ट नगर पालिकाओं में कई अत्याधुनिक सुविधाएं जैसे डिजिटल गर्वनेंस, नागरिक सुविधा, स्मार्ट अर्बन इंफ्रास्टक्चर, स्मार्ट अर्बन फिजिकल इंफ्रास्टक्चर और सतत विकास के मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा.



### ईज ऑफ लिविंग मानक का रखा जा रहा ख्याल

नगर विकास विभाग स्मार्ट नगर पालिकाओं को ईज़ ऑफ लिविंग के डिजिटल गर्वनेंस, नागरिक सुविधाओं, स्मार्ट अर्बन इंफ्रास्टक्चर, स्मार्ट अर्बन भौतिक इंफ्रास्टक्चर एवं सतत विकास के मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

### 40 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऑफिस से जारी सूचना के मुताबिक नगर विकास विभाग नगरीय क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्मार्ट नगर पालिकाओं का निर्माण कर रहा है। परियोजना के मुताबिक प्रदेश की नगर मुख्यालयों वाली 57 नगर पालिकाओं को स्मार्ट नगर पालिका के तौर पर विकसित किया जा रहा है। जिसके लिये बजट में विशेष रूप से लगभग 40 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### 145 करोड़ की टोकन मनी स्वीकृत

परियोजना पर काम शुरू करने के लिए 145 करोड़ रुपये की टोकन मनी स्वीकृत की गई है। जिससे 57 नगर पालिकाओं में ईज ऑफ लिविंग के अनुरूप अत्याधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास कार्य शुरू हो गया है। जो इन पालिका क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था, निवेश और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। इसके साथ ही स्मार्ट पालिकाओं में नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### डिजिटल गवर्नेंस

स्मार्ट नगर पालिकाओं में प्रशासनिक प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से संचालित करने के लिए एक प्रणाली विकसित की जाएगी, जो प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देगी। जिसके अंतर्गत आईसीसी सेंटर से सीसीटीवी सर्विलांस की व्यवस्था, एआई और चैटबॉट युक्त नागरिक सुविधाओं का विकास और इंटीग्रेटेड गौशाला मैनेजमेंट सिस्टम की भी व्यवस्था की जाएगी।

### सिटीजन सर्विसेज

स्मार्ट सिटी के तर्ज पर स्मार्ट नगर पालिकाओं में अत्याधुनिक नागरिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही पालिका के क्षेत्रों में एयर, वाटर पॉल्यूशन से लेकर नॉइज पॉल्युशन को नियंत्रित करने का समुचित प्रबंध किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में वाटर लॉगिंग की समस्या दूर करने के साथ साथ बिजली और पानी सप्लाई निर्बाध रूप से करने का प्रबंध किया जाएगा।

### स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर

स्मार्ट नगर पालिका क्षेत्रों में स्मार्ट पार्किंग, डिजिटल टैफ्रिक मैनेजमेंट, लाइट मैनेजमेंट, सुविधाओं के साथ सड़क विक्रेताओं के लिए अलग से वेंडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। साथ ही स्मार्ट इंफ्रास्टक्चर के तहत सीसी रोड, जंक्शन रिडिजाइनिंग, डिजिटल लाइब्रेरी, प्रदर्शनी स्थल और ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा।

### सस्टेनेबल डेवलपमेंट

स्मार्ट नगर पालिकाओं को ईज ऑफ लिविंग के साथ सस्टेनेबल डेवलपमेंट आधारित विकसित किया जा रहा है। नगर पालिकाओं में नवीकरणीय ऊर्जा के अन्य स्रोतों के साथ सोलर ऊर्जा का भी तेजी से विकास किया जा रहा है। साथ ही विकास योजनाओं में पर्यवारण संरक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### अवैध खनन और माफिया के खिलाफ एक्शन मोड में सरकार

**नारनौल।** सरकार के निर्देशानुसार जिले में प्रशासन ने अवैध खनन व खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चला रखा है।पुलिस के सहयोग से खनन विभाग व अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें औचक निरीक्षण कर रही हैं। इस अभियान में पिछले तीन दिनों में खनिज के अवैध परिवहन पर चार वाहनों पर 12.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जिला खनिज अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि टीम ने पिछले तीन दिनों में 300 वाहनों की जांच की है। इस दौरान बजरी, कंकड़ और मिट्टी का अवैध खनन और परिवहन करते पकड़े गए चार वाहनों पर 12.60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले पकड़े गए दो वाहनों से 7.34 लाख रुपये जुर्माना वसूल कर सरकारी खजाने में जमा करवाया गया। जिला खनन अभियंता ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं विभागीय गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती भी इस संबंध में लगातार बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना तथा अवैध खनन को समाप्त करना है। महानिदेशक के आदेशानुसार विभागीय टीम पूरी सजगता व जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है।

### राज्य अतिथि गृह बनकर तैयार

**गया।** मोक्ष और ज्ञान की भूमि बोधगया में अब अति विशिष्ट व्यक्तियों के ठहरने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित राज्य अतिथि गृह बनकर तैयार हो गया है। 'गया मकाओ कुआ' नाम से निर्मित इस भवन का उद्घाटन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में होने की संभावना है। उद्घाटन की तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर तेजी से चल रही हैं। राज्य अतिथि गृह में वातानुकूलित आरामदेह कमरे, विशाल लान, वृहद पार्किंग व्यवस्था, साइंस सिटी जैसी सुविधाएं और कई मंजिला भवन में लिफ्ट की सुविधा दी गई है। अति विशिष्ट मेहमानों के विश्राम को ध्यान में रखते हुए सूट कमरों की भी व्यवस्था की गई है। बोधगया में सालभर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और गणमान्य अतिथि आते रहते हैं। अब उनके ठहरने के लिए बोधगया में एक भव्य और आधुनिक राज्य अतिथि गृह उपलब्ध रहेगा, जिससे उन्हें विश्राम और सुविधाजनक ठहराव का बेहतर अनुभव मिलेगा। राज्य अतिथि गृह के उद्घाटन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उम्मीद है कि उद्घाटन के बाद यह भवन बोधगया के पर्यटन और आध्यात्मिक महत्व को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

### आरा में 48 लोगों की गिरफ्तारी

**आरा।** भोजपुर जिले के आरा में पुलिस ने शनिवार को बड़ा एक्शन लेते हुए 48 लोगों को गिरफ्तार किया। एसपी राज के निर्देश पर चलाए गए इस छापेमारी अभियान में हत्या, एससी-एसटी एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में वांछित आरोपियों को पकड़ा गया। साथ ही अवैध शराब के खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस दौरान हत्या के एक, एससी-एसटी एक्ट के एक, हत्या के प्रयास के सात और अन्य मामलों के 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान छह अवैध शराब भट्ठियों को नष्ट किया गया और करीब 1400 लीटर अवैध शराब नष्ट की गई। इसके अलावा शराब पीते हुए 16 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया और करीब 102 लीटर देसी शराब जब्त की गई।

# ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के तहत नारी संघ और ग्राम सभा विजनिंग पर प्रशिक्षण

**अम्बेडकर नगर।** ग्राम पंचायत मालीपुर में नारी संघ कार्यालय पर जन शिक्षण केंद्र कुटियवा द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के तहत नारी संघ अगुआ लीडर और स्टाफ का एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय स्वशासन और ग्राम सभा विजनिंग के बारे में जानकारी दी गई।




### प्रशिक्षण का उद्देश्य

परियोजना समन्वयक ने नारी संघ लीडरों और स्टाफ को ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के बीच अंतर को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक हम इन दोनों के अंतर को नहीं समझेंगे, तब तक प्रभावी और कुशल स्थानीय स्वशासन की कल्पना नहीं की जा सकती।

### ग्राम पंचायत और ग्राम सभा का महत्व

गोण्डा जिले के विकासखंड कटरा के भगहारिया ग्राम पंचायत और आजमगढ़ के बिनापारा ग्राम पंचायत की सफलता की कहानी को साझा किया गया। साथ ही ग्राम सभा के कार्यों और इसके गठन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्य ही पंचायत का गठन करते हैं और उनकी जिम्मेदारी होती है कि वे समय-समय पर ग्राम सभा की बैठकें आयोजित करें और पंचायत के विकास की योजनाएं तैयार करें।

### सामाजिक जागरूकता और उत्साह

इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान नारी संघ जिंदाबाद, हमारी पंचायत जिंदाबाद, न लोक सभा न विधानसभा, सबसे बड़ी ग्राम सभा३ जैसे नारों के साथ समापन हुआ। सामुदायिक कार्यकर्ता रामहित, चाँदतारा, पुनीता जी, बी आर सी हेमलता और नारी संघ की अगुवा बहनें जैसे लखराजी, मीना, इंद्रकला, संगीता, चन्द्रमा, गीता, बदामा आदि उपस्थित रहे।

# योगी सरकार बनाएगी यूएस-चीन टैरिफ वार को अवसर

## 2030 तक निर्यात तीन गुना करने का लक्ष्य

एजेंसी | लखनऊ

अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ युद्ध को योगी सरकार उत्तर प्रदेश के लिए एक बड़े अवसर के रूप में भुनाने की तैयारी कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक राज्य के निर्यात को तीन गुना बढ़ाया जाए। बेहतर कानून व्यवस्था, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा, सस्ता श्रम और एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने जैसी विशेषताओं के चलते यूपी को अन्य राज्यों पर बढ़त मिलने की उम्मीद है।



### नई निर्यात नीति और इन्वेस्ट यूपी को मिलेगा नया रूप

राज्य सरकार जल्द ही एक नई निर्यात नीति लेकर आने वाली है, जिसमें इन्वेस्ट यूपी को और अधिक प्रभावी तथा पारदर्शी बनाया जाएगा। सरकार की रणनीति है कि वैश्विक बाजारों में यूपी के उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बनाया जाए और निवेश को आकर्षित किया जाए।

### लेदर और फुटवियर नीति भी तैयार

देश में लेदर और फुटवियर के निर्यात में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। इस स्थिति को और मजबूत करने के लिए यूपी सरकार विशेष लेदर और फुटवियर नीति लागू करने जा रही है। इस पहल का बड़ा असर कानपुर, उन्नाव और आगरा जैसे औद्योगिक शहरों पर पड़ेगा। तमिलनाडु के बाद उत्तर प्रदेश ऐसा कदम उठाने वाला दूसरा राज्य होगा।

### एमएसएमई सेक्टर के लिए सुनहरा मौका

चीन फिलहाल अमेरिका को रोजमर्रा के सामानों का सबसे बड़ा निर्यातक है, लेकिन टैरिफ युद्ध के चलते भारत को इसमें बड़ी हिस्सेदारी हासिल करने का अवसर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां हैं, जो इसे देश में शीर्ष स्थान पर रखती हैं। सरकार कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से इन इकाइयों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर ध्यान दे रही है।

### ओडीओपी योजना से निर्यात में जबरदस्त बढ़ोतरी

'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के तहत राज्य के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि इस योजना के शुरू होने के बाद राज्य का निर्यात 88,967 करोड़ रुपये से बढ़कर दो लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। अब सरकार का लक्ष्य 2030 तक इस आंकड़े को तीन गुना करना है।



# 4 लाख से ज्यादा राशन कार्डधारकों पर खतरा

## ई-केवाईसी नहीं कराने पर कटेगा नाम

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में 4 लाख से अधिक राशन कार्डधारकों पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। अगर तय समय सीमा में ई-केवाईसी नहीं कराई गई तो इनके राशन कार्ड से नाम काट दिया जाएगा। सरकार ने आधार से राशन कार्ड लिंक कराने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 तय की है, जिसे पहले तीन महीने बढ़ाया गया था।

### अब भी 23.80 प्रतिशत लाभुकों ने नहीं कराई ई-केवाईसी

जिले में कुल 18,24,818 सदस्यों में से अब तक 76.20 प्रतिशत यानी 13,91,022 लोगों ने ही ई-केवाईसी कराई है। करीब 4,33,796 लाभुक अब भी इस प्रक्रिया से वंचित हैं। इनमें कुचायकोट, थावे, मांझा, बरौली समेत शहरी क्षेत्र के भी लाभुक शामिल हैं।

## व्यापार जगत

# सरकार ने एयरलाइनों को यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने एयरलाइनों को यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के बीच उन्नत यात्री हैंडलिंग उपायों को लागू करने का निर्देश दिया है। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं और अगले आदेश तक जारी रहेंगे। नागरिक विमानन महानिदेशक (डीजीसीए) ने शनिवार को सभी एयरलाइन ऑपरेटरों को हवाई क्षेत्र बंद होने और ओवरफ्लाइट प्रतिबंधों के कारण यात्री सेवा में किसी भी प्रकार की रुकावट से बचने के लिए ये उपाय लागू करने के निर्देश दिए हैं। पाकिस्तान द्वारा हवाई क्षेत्र बंद करने के बाद यह निर्देश जारी किया गया है।

### मुख्य दिशा-निर्देशों में ये हैं शामिल

**पारदर्शी संचार:** एयरलाइनों को यात्रियों को मार्ग परिवर्तन, बढ़े हुए यात्रा समय और तकनीकी रुकावटों के बारे में सक्रिय रूप से सूचित करने की आवश्यकता है। यह सूचनाएं चेक-इन, बोर्डिंग और डिजिटल अलर्ट के माध्यम से दी जानी चाहिए।

**बेहतर उड़ान सेवाएं:** एयरलाइनों को उड़ान के दौरान खानपान की व्यवस्था में सुधार करना होगा, ताकि यात्रा के दौरान पर्याप्त भोजन, हाइड्रेशन और विशेष भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

**चिकित्सा तत्परता:** एयरलाइनों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विमान में चिकित्सा आपूर्ति पर्याप्त हो और तकनीकी रुकावटों वाले हवाई अड्डों पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हों।

ग्राहक सहायता: एयरलाइनों को कॉल सेंटर और ग्राहक सेवा टीमों को तैयार रखना चाहिए, ताकि देरी, छूटे हुए कनेक्शन या अन्य परेशानियों से निपटने के लिए यात्रियों को सहायता मिल सके।

**परिचालन समन्वय:** उड़ान संचालन, ग्राहक सेवा, ग्राउंड हैंडलिंग और चिकित्सा सेवाओं के बीच समन्वय को सुचारू रूप से बनाए रखना आवश्यक है।




# यूनियन बैंक ने FD की ब्याज दरों में कटौती की




**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर मिलने वाले ब्याज में कटौती की है। इस बदलाव के बाद बैंक में FD कराने पर सामान्य नागरिकों को 3.50% से 7.15% तक का सालाना ब्याज मिलेगा। ब्याज दरों में बदलाव 3 करोड़ से कम की FD पर किया है। RBI के रेपो रेट में कटौती के बाद अब बैंक भी FD की ब्याज दरों में कटौती कर रहे हैं। इससे पहले हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने फिक्स डिपॉजिट (FD) की ब्याज दरों में 0.20% तक की कटौती की है। SBI में अब 1 साल की FD कराने पर 6.70% ब्याज मिल रहा है। केनरा बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सहित कई बैंकों ने भी FD पर ब्याज दरों में कटौती की है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने अनंत अंबानी

- 1 मई को संभालेंगे पद
- अभी रिलायंस जियो, रिटेल और एनर्जी वर्टिकल के बोर्ड मेंबर

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शनिवार को मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी को कंपनी का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया। अनंत 1 मई से 5 साल के लिए इस पद पर रहेंगे। 2023 से वे कंपनी में नॉन एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। कंपनी ने बताया, 'रिलायंस के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 25 अप्रैल को अपनी बैठक में ह्यूमन रिसोर्स, नोमिनेशन एंड रिम्यूनरेशन कमेटी की सिफारिश पर विचार किया और नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत एम. अंबानी को होल टाइम एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया।'

### रिलायंस के अलग-अलग वर्टिकल के भी सदस्य हैं अनंत



अनंत को अगस्त 2022 में कंपनी के एनर्जी वर्टिकल की कमान सौंपी गई थी। इसके अलावा अनंत मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड, मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड और जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड के साथ-साथ रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी लिमिटेड के बोर्ड मेंबर हैं। वे सितंबर 2022 से रिलायंस की फिलैंथरोपिस्ट आर्म- रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड में भी हैं।

# केंद्र सरकार ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : राज्यमंत्री राजू श्रीनिवास वर्मा

एजेंसी | लखनऊ

केंद्रीय भारी उद्योग, सार्वजनिक उद्यम और इस्पात राज्यमंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने शनिवार को कहा कि सरकार देशभर में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वर्मा ने यह टिप्पणी यहां आयोजित एक कार्यक्रम में की, जहां राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) को उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




### पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी

वर्मा ने केरल के पलक्कड़ में प्रस्तावित एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) की सराहना की और कहा कि यह परियोजना केरल और दक्षिणी भारत के औद्योगिक परिदृश्य को नया आकार देने में मदद करेगी। यह औद्योगिक स्मार्ट सिटी 1,710 एकड़ में फैली हुई है और पलक्कड़ शहर से महज 21 किमी, कोचीन से 120 किमी और कोयंबटूर से 50 किमी की दूरी पर स्थित है।

# मार्च में 1.45 करोड़ हवाई यात्रियों की वृद्धि

## यात्री संख्या में 8.79% की बढ़ोतरी

एजेंसी | नई दिल्ली

मार्च 2025 में भारत में कुल 1.45 करोड़ से अधिक यात्रियों ने हवाई यात्रा की, जो कि पिछले साल की समान अवधि से 8.79 प्रतिशत अधिक है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2024 में कुल 1.34 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी थी, जो अब बढ़कर 1.45 करोड़ हो गई है।

### इंडिगो की प्रमुख भूमिका

डीजीसीए रिपोर्ट के अनुसार, इंडिगो ने मार्च 2025 में सबसे अधिक 93.1 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 64 फीसदी रही। एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) ने 38.8 लाख यात्रियों को परिवहन सुविधा दी, और उसकी बाजार हिस्सेदारी 26.7 फीसदी रही। मार्च 2025 में अकासा एयर और स्पाइसजेट एयरलाइन ने क्रमशः 7.2 लाख और 4.8 लाख यात्रियों को हवाई सेवाएं दीं। इनकी बाजार हिस्सेदारी क्रमशः 5% और 3.3% रही। मार्च में इंडिगो का ओटीपी (ऑन टाइम परफॉर्मेंस) सबसे अधिक 88.1 फीसदी रहा। इसके बाद अकासा एयर का 86.9% और एयर इंडिया समूह तथा स्पाइसजेट का प्रदर्शन क्रमशः 82% और 72.1% रहा।



DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉंसिबिलिटी है
मुंबई, रविवार, 27 अप्रैल 2025



# दिल्ली के गढ़ में कोहली पर निगाह

**▸▸ कैपिटल्स को अपने घर अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी से मिलेगी कड़ी टक्कर**

**▸▸ मुकाबले की विजेता टीम प्लेऑफ के और नजदीक पहुंच जाएगी**

एजेंसी | नई दिल्ली

रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीमें अरुण जेटली स्टेडियम में भिड़ेंगी। इस रोमांचक मुकाबले में सबकी निगाहें बेंगलुरु के शानदार फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज विराट कोहली पर होंगी। कोहली के लिए यह उनका घरेलू मैदान है, और वह दर्शकों को अपने चौकों-छक्कों से मनोरंजन करने की पूरी कोशिश करेंगे। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि विजेता टीम प्लेऑफ की ओर एक और कदम बढ़ाएगी।

## दिल्ली की कप्तानी

दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने इस सत्र में टीम का नेतृत्व बखूबी किया है। हालांकि उन्होंने चोट के कारण अधिक गेंदबाजी नहीं की, लेकिन पिछले मैच में उन्होंने अपने ओवरों का पूरा कोटा पूरा किया। यह टीम के लिए एक सकारात्मक संकेत है। बेंगलुरु के लिए क्रुणाल पांड्या ने 12 विकेट लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और उनका योगदान भी इस मैच में अहम रहेगा।

## दिल्ली का दबदबा

इस सत्र में दिल्ली ने बेंगलुरु को उसके घरेलू मैदान पर छह विकेट से हराया था, और अब बेंगलुरु उस हार का हिसाब बराबर करना चाहेगा। दिल्ली की टीम अपना दबदबा बनाए रखने के लिए पूरी ताकत लगाएगी। बेंगलुरु की तरफ से विराट कोहली ने नौ मैचों में पांच अर्धशतक लगाए हैं और उनकी फॉर्म शानदार रही है। कोहली के घरेलू मैदान पर होने के बावजूद दिल्ली के दर्शकों से भरपूर समर्थन मिलने की संभावना है।

## बेंगलुरु की बैटिंग और गेंदबाजी ताकत

बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल ने पिछले मैच में अर्धशतक बनाकर अपनी लय पकड़ ली है। इसके अलावा, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज बेंगलुरु के लिए अहम साबित हो रहे हैं। हेजलवुड ने 16 विकेट के साथ इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लिए हैं। उनके शानदार प्रदर्शन के चलते बेंगलुरु को राजस्थान के खिलाफ जीत मिली थी।



## दिल्ली के गेंदबाजों का प्रभाव

दिल्ली के कुलदीप यादव ने इस सत्र में शानदार गेंदबाजी की है। उन्होंने आठ मैचों में 12 विकेट लेकर अपनी गुगली से विपक्षी टीमों को परेशान किया है। उनके किफायती स्पिन के कारण बेंगलुरु के बल्लेबाजों के लिए उनकी गेंदबाजी का सामना करना आसान नहीं होगा। इसके अलावा, दिल्ली के स्थानीय खिलाड़ी सुयश ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह बेंगलुरु की टीम के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकते हैं।

### नंबर गेम

- 6 विकेट से हराया था दिल्ली ने बेंगलुरु को उसके घर में इस सत्र में खेले गए पिछले मैच में
- 7 साल से बेंगलुरु की टीम दिल्ली को उसके घर में हरा नहीं पाई है। पिछली बार 2018 में पांच विकेट से धोया था

### आमने-सामने

- कुल मैच : 32
- दिल्ली जीता : 12
- बेंगलुरु जीता : 19
- बेनतीजा : 1



# निशानेबाज शांभवी ने दो स्वर्ण पदक जीते

एजेंसी | नई दिल्ली

महाराष्ट्र की शांभवी क्षीरसागर ने कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक (केएसएसएम) निशानेबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। शांभवी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ओलंपिक फाइनलिस्ट रमिता को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।



## 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में जीत

16 वर्षीय शांभवी ने फाइनल में 24 निशाने लगाए, जिसमें उनके अंतिम प्रयास में 10.8 का शॉट था, जिसने उन्हें हरियाणा की रमिता को हराकर स्वर्ण पदक दिलाया। रमिता ने पेरिस ओलंपिक में फाइनल तक पहुंचने का इतिहास रचा है। इस स्पर्धा में कांस्य पदक पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने जीता, जो विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता रही हैं।

## क्वालीफिकेशन में शांभवी का शीर्ष स्थान

शांभवी ने क्वालीफिकेशन में 633.5 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने इससे पहले जूनियर महिला स्पर्धा में रजत और युवा महिला प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

## अन्य स्पर्धाओं में परिणाम

**रमिता ने जूनियर महिला स्पर्धा में शांभवी को हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश की मान्या मित्तल तीसरे स्थान पर रहीं। शांभवी ने युवा महिलाओं का खिताब भी अपने नाम किया, जहां उन्होंने कर्नाटक की निधि मित्तल को हराया, और मध्य प्रदेश की गौतमी भनोट तीसरे स्थान पर रहीं।**

# आईपीएल में अब 300 रन भी संभव : रिंकू

**मुंबई।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के रिंकू सिंह का मानना है कि आईपीएल में अब 300 रन बनाना असंभव नहीं है। एक टीवी कार्यक्रम में रिंकू ने कहा, मैं आमतौर पर नंबर 5 या 6 पर बल्लेबाजी करता हूं। मैंने यूपी और आईपीएल में ऐसा किया है, इसलिए मुझे इसकी आदत है। जब से मैंने आईपीएल में खेलना शुरू किया है, तब से मैं सीख रहा हूँ। मैं रसेल को करीब से देखता हूँ, खासकर कि वह अंतिम ओवरों में कैसे बल्लेबाजी करते हैं और कैसे वह अपने शरीर का इस्तेमाल ताकत पैदा करने के लिए करते हैं। आईपीएल अब उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन बनाना भी संभव है। पिछले साल, पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सीजन में सभी टीमें मजबूत हैं और कोई भी 300 रन तक पहुंच सकता है।



# एंड्रीवा और श्नाइडर प्री-क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी | मैड्रिड

रूस की मीरा एंड्रीवा और डिआना शनाइडर मैड्रिड ओपन टेनिस चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इनके अलावा एलेना रायबाकिना ने तीसरे दौर में जगह बना ली है। सातवीं वरीय 17 साल की एंड्रीवा ने शनिवार को पोलैंड की मैग्दालेना फ्रेच को लगातार सेट में 7-5, 6-3 से शिकस्त दी जबकि 21 वर्षीय श्नाइडर ने एकतरफा मुकाबले में लात्विया की अनास्तासिया सेवस्तोवा की चुनौती 6-0, 6-0 से ध्वस्त कर दी। इनके अलावा दसवीं वरीय कजाखस्तान की एलिना रायबाकिना ने दूसरे दौर में कनाडा की बिआंका आंद्रेस्कू को 6-3, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

## ज्वेरेव जीते

इससे पहले शुक्रवार रात खेले गए मुकाबलों में शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आर्यना सबालेंका ने शुरुआती मैचों में आसान जीत हासिल की। ज्वेरेव ने स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 6-2 से जबकि सबालेंका ने क्वालीफायर अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। तीसरे दौर में ज्वेरेव का मुकाबला नूनो बोर्गेस या एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका तीसरे दौर में 28वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस का सामना करेंगी। अनास्तासिया पोटापोवा ने आठवीं वरीय किनवेन झेंग को हराया,

# श्रीलंका संग मुकाबले में काशवी गौतम सहित युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी निगाहें

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम 27 अप्रैल को त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका का सामना करेगी। इस मुकाबले में काशवी गौतम सहित युवा खिलाड़ियों पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। भारतीय टीम इस सीरीज के जरिए 50 ओवर के आगामी विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी।



## युवाओं का प्रदर्शन

- इस सीरीज में भारत, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका की टीमें शामिल हैं। जहां एक ओर भारत का बल्लेबाजी विभाग मजबूत दिखता है, वहीं गेंदबाजी संयोजन को लेकर टीम को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। 22 वर्षीय काशवी गौतम, जो महिला प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं, टीम में एक अहम खिलाड़ी साबित हो सकती हैं।

## गेंदबाजी संयोजन

- गेंदबाजी विभाग में भारतीय टीम को नए संयोजन की जरूरत है। काशवी गौतम के अलावा, दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा पर भी काफी दारोमदार होगा। प्रेमदासा स्टेडियम में धीमी पिच पर स्पिनरों का बोलबाला रहता है, और इस कारण दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा के साथ-साथ मुंबई इंडियंस की श्री चरणी पर भी नजरें होंगी।

## बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष

भारत की बल्लेबाजी में कोई कमी नहीं है। कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप कप्तान स्मृति मंधाना, पावर-हिटर ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स जैसे बल्लेबाज टीम की ताकत हैं। इन खिलाड़ियों के साथ दीप्ति और अमनजोत भी अच्छी बल्लेबाजी कर सकती हैं।

## श्रीलंकाई टीम की चुनौती

वहीं, श्रीलंकाई टीम घरेलू मैदान पर होने के कारण थोड़ा फायदा उठा सकती है। हालांकि, उनके टीम में बदलाव किए गए हैं और नई टीम भारत के मजबूत दस्ते का सामना करेगी। टीम में बाएं हाथ की स्पिनर इनोका राणावीरा की वापसी हुई है, साथ ही सुगंधिका कुमारी, इनोशी प्रियदर्शनी और कविशा दिलहारी जैसे स्पिनर्स का भी अहम योगदान रहेगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम पिछले कुछ समय से लगातार जीत रही है।

### एशियन अंडर-15 और अंडर-17 बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# भारत ने पक्के किए 43 पदक

एजेंसी | अम्मान

भारतीय बॉक्सिंग टीम ने वर्ल्ड बॉक्सिंग से मान्यता प्राप्त नई एशियाई बॉक्सिंग संस्था की आयोजित पहली एशियन अंडर-15 और अंडर-17 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक कुल 43 पदक पक्के कर लिए हैं। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रतियोगिता के सातवें दिन चार और भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारत ने अब अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 और अंडर-17 वर्ग में 18 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ी कम से कम कांस्य पदक के हकदार होते हैं।



## उम्दा प्रदर्शन जारी

अंडर-17 बालकों के वर्ग में अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस और जॉर्डन के खिलाड़ियों के खिलाफ रेफरी स्टॉप्ड कंटेस्ट (RSC) के जरिए मुकाबले जीते और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, बालिकाओं के वर्ग में सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत को 5-0 के बड़े अंतर से हराया, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ पहले ही राउंड में मुकाबला समाप्त कर आरएससी (RSC) से जीत हासिल की।

# बॉ ली वु ड



# शादी के 4 साल बाद शिरीन मिर्जा ने दी गुड न्यूज



कियारा आडवाणी और गौहर खान के बाद एक और टीवी एक्ट्रेस के घर इस साल बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। टीवी का चर्चित सीरियल 'ये है मोहब्बतें' फेम अभिनेत्री शिरीन मिर्जा मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस ने अपने पति के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर यह खुशखबरी फैंस को दी है। 'ये है मोहब्बतें' में अपने किरदार से लोगों के बीच खास जगह बनाने वाली एक्ट्रेस शिरीन मिर्जा शादी के 4 साल बाद मां बनने जा रही हैं। 'ये है मोहब्बतें' में डॉक्टर इशिता की ननद और रमन भल्ला की बड़ी बहन 'सिमी' का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस शिरीन मिर्जा शादी के 4 साल बाद प्रेग्नेंट हैं और 2025 में अपने पहले बेबी का वेलकम करने वाली हैं। शिरीन ने अपने पति हसन सरताज के साथ एक क्यूट-सा वीडियो शेयर कर अपने प्रेग्नेंसी का ऐलान किया है। शिरीन मिर्जा और हसन सरताज ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो ब्लैक कलर के मैचिंग आउटफिट पहने दिखाई दे रहे हैं। शिरीन मिर्जा जल्द ही अपने पहले बच्चे को जन्म देने वाली हैं, वीडियो में उन्होंने अपना बेबी बंप भी फ्लॉन्ट किया है।

# केसरी 2 पर लगे डायलॉग कॉपी करने का आरोप

अक्षय कुमार की लेटेस्ट रिलीज 'केसरी 2' मूवी मुसीबत में फंस गई है। मूवी पर फेमस यूट्यूबर याह्या बूटवाला ने मूवी पर डायलॉग कॉपी करने का आरोप लगाया है। यूट्यूबर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर सबूत भी दिया है। उन्होंने दावा किया है कि मूवी में उनकी जलियांवाला बाग पर बेस्ड कविता को डायलॉग के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। आइए आपको भी बताते हैं आखिर पूरा मामला क्या है? यूट्यूबर ने वीडियो शेयर कर लंबा चौड़ा कैप्शन भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'चार दिन पहले मुझे केसरी 2 की ये क्लिप दिखी। इसमें साफ दिखाई दे रहा है कि मूवी में मेरी कविता का इस्तेमाल किया गया है, जो मैंने 5 साल पहले जलियांवाला बाग नाम से अनइरेजपोएट्री पर अपलोड की थी। ईमानदारी से कहूं तो मूवी के डायलॉग सुनकर मुझे कॉपी पेस्ट वाला फील आया।' याह्या बूटवाला ने आगे कहा कि हां ऐसा हो सकता है कि एक विषय पर ही किसी के ख्याल मिल सकते, लेकिन एक जैसी लाइन्स होना संयोग से परे है।





# 'केसरी वीर' का नया मोशन पोस्टर आया सामने

फिल्म 'केसरी वीर' के निर्माताओं ने फिल्म का नया मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें अभिनेता सूरज पंचोली को दिखाया गया है। पोस्टर पर लिखा है 'हमीरजी गोहिल के रूप में सूरज पंचोली'। सूरज पंचोली ने हाथ में त्रिशूल पकड़ा हुआ है और उनके शरीर पर लोहे की जंजीरें हैं। उनके शरीर में कहीं आग लगी है, तो कहीं से खून बह रहा है। पोस्टर में सूरज पंचोली काफी जोशीले अंदाज में नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि फिल्म 'केसरी वीर' में सूरज पंचोली कई दूसरे कलाकारों के साथ सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए योद्धा की भूमिका निभा रहे हैं। सूरज पंचोली फिल्म में हमीरजी गोहिल का किरदार निभा रहे हैं। वह 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए जंग लड़े थे। फिल्म में सूरज पंचोली के अलावा सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय होंगे। मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर सूरज पंचोली ने लिखा 'वीर हमीरजी गोहिल, रक्षक और गुमनाम योद्धा। सोमनाथ का रक्षक। हर-हर महादेव।' सूरज पंचोली ने फिल्म की रिलीज की तारीख भी बताई है। उन्होंने लिखा है 'दुनियाभर के सिनेमाघरों में 16 मई 2025 को रिलीज हो रही है।' फिल्म 'केसर वीर' का मोशन पोस्टर पहले भी रिलीज हो चुका है। फरवरी में इसका टीजर भी रिलीज किया जा चुका है। पहले फिल्म की रिलीज की तारीख 14 मार्च 2025 तय की गई थी लेकिन अब फिल्म 16 मई को रिलीज होगी। फिल्म को प्रिंस थीमान निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कानू चौहान हैं।




# बॉक्स ऑफिस पर 1 मई को महाक्लैश, एक साथ रिलीज होंगी 5 बड़ी फिल्में

जाट, केसरी 2, गुड बैड अग्ली, 'लूसिफर 2: एम्पुरान' जैसी फिल्मों ने अप्रैल में मूवी लवर्स के लिए खास बनाया है। अब मई भी मूवी के दीवानों के लिए स्पेशल होने वाला है, क्योंकि मई में बॉक्स ऑफिस पर मूवीज का सुपरक्लैश देखने को जो मिलने वाला है। मई की शुरुआत की शानदार होने वाली है, क्योंकि 1 मई को एक साथ 5 फिल्में सिनेमाघर में जो दस्तक देने जा रही हैं। अगर आपको बॉलीवुड और साउथ की फिल्में देखनी पसंद है, तो 1 मई का दिन आपके लिए खास होने वाला है।




### 'रेड 2'

अजय देवगन और वाणी कपूर स्टारर 'रेड 2' 1 मई 2025 को रिलीज हो रही हैं। 'रेड' सुपरहिट रही थी और अब इसका सीक्वल आ रहा है, फिल्म का ट्रेलर और टीजर आ चुका है। इस फिल्म के गाने भी लोगों के बीच काफी पॉपुलर हो रही हैं।

### 'टूरिस्ट फैमिली'

तमिल फिल्म 'टूरिस्ट फैमिली' भी 1 मई को रिलीज होने वाली है, फिल्म में शशिकुमार, सिमरन, मिथुन जय शंकर और चाइल्ड आर्टिस्ट कमलेश ने निभाई है। श्रीलंकाई की दुर्दशा की कहानी के कॉमेडी के माध्यम से बताई जा रही है।

### 'द भूतनी'

संजय दत्त और मौनी रॉय, सनी सिंह स्टारर 'द भूतनी' पहले 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 1 मई को रिलीज होने जा रही है। यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें पलक तिवारी भी अहम रोल में दिखाई देने वाली है।

### 'रेट्रो'

'कंगुआ' के बाद अब साउथ सुपरस्टार सूर्या अपनी अपकमिंग कॉलीवुड फिल्म 'रेट्रो' लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म भी 1 मई को ही रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस फिल्म का डायरेक्शन सुब्बाराज ने किया है।

### 'अभ्यंतरा कुट्टावली'

आखिरी फिल्म एक मलयालम है, जिसका नाम 'अभ्यंतरा कुट्टावली' है। इस मूवी में आसिफ अली अहम रोल में है और यह एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म है, जो 1 मई 2025 को ही थियेटर में आने वाली है।

# अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन



- एक हजार से अधिक अवैध बांग्लादेशी पकड़े गए
- अहमदाबाद में 890 और सूरत में 134 बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया
- सरकार ने आतंकी हमले के बाद सख्त कदम उठाने की योजना बनाई
- एक रात में इतनी बड़ी कार्रवाई पहली बार

**एजेंसी । अहमदाबाद**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुजरात में एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं। गृह मंत्री ने इसे गुजरात पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए कहा कि अहमदाबाद में कम से कम 890 तथा सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने अवैध अप्रवासियों को चेतावनी दी कि वे अपनी इच्छा से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा उन्हें पकड़ लिया जाएगा और निर्वासित कर दिया जाएगा। उन्होंने अप्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों को भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

### निर्वासन किया जाएगा: डीजीपी

गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा दस्तावेजी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी राष्ट्रीयता का पता लगाया जा रहा है। जब यह तय हो जाएगा कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं, तो केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समन्वय से उनके निर्वासन की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाएगी।

### सभी राज्यों में कार्रवाई के निर्देश

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तान के लोगों की पहचान कर उन्हें देश से निकालने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए। अगर कोई पाकिस्तानी नागरिक सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए निर्धारित समय से अधिक समय भारत में रुकता है तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दो बांग्लादेशी निकले अलकायदा के स्लीपर सेल

■ सांघवी ने कहा कि अप्रवासियों ने गुजरात आने से पहले भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने के लिए पश्चिम बंगाल से प्राप्त फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इनमें से कई लोग मादक पदार्थ तस्करी और मानव तस्करी में संलिप्त हैं। हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी। इनके निर्वासन की सभी प्रक्रियाएं यथाशीघ्र पूरी करने के लिए व्यवस्था की गई है।

### फर्जी दस्तावेजों की करेंगे जांच : सांघवी

■ गृह मंत्री ने कहा कि हम उन फर्जी दस्तावेजों की भी जांच करेंगे जिनका इस्तेमाल उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों और गुजरात तक पहुंचने के लिए किया और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को गुजरात भर में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पाकिस्तानी नागरिकों को गुजरात छोड़ने का स्पष्ट आदेश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल को इस बात का सबूत दिया जाएगा कि बंदियों ने राज्य में कैसे फर्जी दस्तावेज बनवाए?

### अवैध प्रवासियों पर सख्ती का कारण

■ बता दें कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानियों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। इसी नीति के आधार पर पाकिस्तान के लोगों को देश छोड़ने को कहा गया है।

# 15,000 छात्रों से वसूला 206 करोड़

- शिक्षक वेतन से वंचित
- 32 कोचिंग सेंटर बंद




**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एफआईआईटी-जेईई के खिलाफ जांच शुरू की है, जिसमें आरोप है कि कोचिंग संस्थान ने छात्रों और उनके अभिभावकों से भारी फीस वसूली और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक सेवाएं नहीं प्रदान की। 24 अप्रैल को ईडी ने नोएडा, दिल्ली और गुड़गांव में एफआईआईटी-जेईई के निदेशक और वरिष्ठ प्रबंधन के आवासों सहित सात स्थानों पर तलाशी ली।

### जांच के प्रमुख बिंदु

एफआईआईटी-जेईई ने लगभग 15,000 छात्रों से 206 करोड़ रुपए की फीस वसूली, लेकिन शिक्षण सेवाएं प्रदान नहीं की गईं। इस पैसे को कथित तौर पर अन्य उद्देश्यों के लिए डायवर्ट कर दिया गया। 32 कोचिंग सेंटर, जो विभिन्न शहरों में स्थित थे, बंद कर दिए गए, जिससे छात्रों और अभिभावकों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। टीचरों को वेतन नहीं दिया गया, और छात्रों को असमय परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने तलाशी में कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस जब्त किए, जो वित्तीय अनियमितताओं की ओर इशारा करते हैं। इस मामले में 10 लाख रुपए नकद और 4.89 करोड़ रुपए के आभूषण भी जब्त किए गए हैं।

### इन शहरों के कोचिंग सेंटर बंद

गाजियाबाद, लखनऊ, मेरठ, नोएडा, प्रयागराज, दिल्ली, भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, फरीदाबाद, गुरुग्राम, मुंबई आदि शहरों में एफआईआईटी-जेईई के कोचिंग सेंटर बंद हो गए।

## कश्मीर में तीन संदिग्ध आतंकियों के घर जमींदोज

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में अधिकारियों ने शनिवार को तीन संदिग्ध आतंकवादियों के घरों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई शुक्रवार रात पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में की गई। अब तक कुल पांच आतंकवादियों के घरों को नष्ट किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि पुलवामा जिले के मुरान इलाके में अहसान उल हक शेख के घर को तोड़ा गया। शेख 2018 में पाकिस्तान में प्रशिक्षित हुआ था और हाल ही में घाटी में घुसपैठ कर चुका था। शोपियां जिले के चोटीपोरा में लश्कर-ए-तैयबा के सक्रिय कमांडर शाहिद अहमद कुट्टे के घर को भी ध्वस्त किया गया। कुट्टे कई राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है। इसके अलावा, कुलगाम जिले के मतलहामा इलाके में जाकिर अहमद गनी के घर को भी गिराया गया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सड़क हादसे में 7 सफाई कर्मचारियों की मौत

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले में शनिवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक भीषण सड़क हादसे में 7 सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा थाना फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के इब्राहिमवास गांव के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे कर्मचारियों को रौंद दिया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### केरल के होटलों में बम की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम के विभिन्न होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले ईमेल मिले। पुलिस ने जांच के लिए बम निरोधक इकाइयों और डॉग स्क्वॉड को तैनात किया। पुलिस ने बताया कि जिन होटलों में बम की धमकी मिली थी, उनकी जांच की जा रही है। अभी तक कुछ नहीं मिला है। निरीक्षण जारी है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस उस धमकी भरे ईमेल के स्रोत की भी जांच कर रही है जिसमें दावा किया गया है कि तिरुवनंतपुरम शहर के मध्य में स्थित हिल्टन होटल सहित राज्य की राजधानी के विभिन्न होटलों में आईईडी विस्फोट किए जाएंगे। निरीक्षण के बाद पुलिस ने इन सभी धमकियों को अफवाह करार दिया।

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, तीन महिलाओं की मौत

**विरुधुनगर।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में शनिवार को एक पटाखा फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट में तीन महिलाओं की मौत हो गई और कुछ लोग घायल हो गए। शिवकाशी के पास एम पुदुपट्टी में घटना हुई। दुर्घटना स्थल से तीन महिलाओं के जले हुए अवशेष बरामद किए गए हैं, जबकि कई महिलाएं घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती हैं।

### असम में पाकिस्तान समर्थक पोस्ट करने पर नौ गिरफ्तार

**श्रीभूमि।** पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट करने के आरोप में असम में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राज्य में अब तक नौ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि श्रीभूमि जिले के आरोपी ने फेसबुक पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। विपक्षी एआईयूडीएफ विधायक अमीनुल इस्लाम समेत दो लोगों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया, जबकि शुक्रवार को राज्य भर में छह और गिरफ्तारियां की गईं। सीएम ने कहा कि असम ऐसे किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेगा जो पहलगाम में हुए जघन्य हमले के सिलसिले में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान का समर्थन या बचाव करता हो।

### अब्दुल्ला ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित रामबन क्षेत्र का दौरा

**रामबन।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को रामबन जिले का दौरा किया, जो हाल ही में बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हुआ था। इस आपदा में बादल फटने के कारण भारी नुकसान हुआ, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 600 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। अधिकारियों के अनुसार, रामबन कस्बे के पास मारूग से सेरी तक चार किलोमीटर लंबा मार्ग भी भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुआ।

# एआर रहमान को हाईकोर्ट से झटका

- गाने के कापीराइट मामले में दो करोड़ जमा करने का आदेश
- कोर्ट ने डागर बंधुओं को श्रेय देने का दिया निर्देश



**एजेंसी । नई दिल्ली**

संगीतकार एआर रहमान और फिल्म निर्माता कंपनी मद्रास टाकीज 'पोन्नियन सेलवन 2' के गीत 'वीरा राजा वीरा' के कारण विवादों में हैं। इन पर गाने की कापीराइट का आरोप है। इसी पर सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने संगीतकार व कंपनी को दो करोड़ रुपए जमा कराने का आदेश दिया है।न्यायालय ने निर्देश दिया है कि ये रकम रजिस्ट्रार आफिस में जमा कराई जाए। यह मामला शास्त्रीय गायक फैयाज वसीफुद्दीन डागर की ओर से दायर याचिका के बाद सामने आया है।

उन्होंने अदालत में दावा किया था कि 'वीरा राजा वीरागाना उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा जहीरुद्दीन डागर द्वारा पेश की गई 'शिव स्तुति' से मेल खाता है। उन्होंने आरोप लगाया था कि गाने की धुन और भाव 'शिव स्तुति' से का किए गए हैं, लेकिन डागर परिवार को इसका कोई श्रेय नहीं दिया गया।

### रहमान ने आरोपों से किया इनकार

रहमान ने आरोपों से इनकार करते हुए दलील दी गई कि 'शिव स्तुति' पारंपरिक ध्रुपद शैली पर आधारित है, जो सार्वजनिक डोमेन में है। इसलिए इसकी प्रस्तुति या रचना कापीराइट सुरक्षा के योग्य नहीं है। हालांकि अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### डागर बंधुओं को श्रेय देने का निर्देश

■ न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पीठ ने पारित किए गए अंतरिम आदेश में कहा कि रहमान के गीत 'वीरा राजा वीरा' का मूल 'शिव स्तुति' से न केवल प्रेरित है, बल्कि सुरों, भावनाओं और सुनने के प्रभाव के स्तर पर पूरी तरह समान है। न्यायालय ने फिल्म के सभी ओटीटी और आनलाइन प्लेटफार्म संस्करणों में एक स्लाइड जोड़ने का निर्देश दिया है। इसमें जूनियर डागर बंधुओं को मूल रचना का श्रेय दिया जाएगा। इसके अलावा डागर परिवार के सदस्य को दो लाख रुपए का मुआवजा भी प्रदान किया जाएगा।

# पीएम मोदी ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

### देशभर में 47 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न सरकारी विभागों और संस्थानों में नियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। यह रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया, जिससे युवाओं को सरकारी सेवा में सशक्त अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए नियुक्त युवा देश के आर्थिक तंत्र, आंतरिक सुरक्षा, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण और श्रमिकों के जीवन में बदलाव लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में



जुड़ते हैं, तो देश तेज विकास करता है और वैश्विक पहचान बनाता है। पीएम मोदी ने बजट में घोषित 'मैन्युफैक्चरिंग मिशन' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' को गति देना और भारतीय युवाओं को विश्वस्तरीय उत्पाद बनाने के अवसर देना है।

### नारीशक्ति का उल्लेख

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की बेटियां हर क्षेत्र में दो कदम आगे बढ़ रही हैं। सरकार ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है और नारीशक्ति ब्यूरोक्रेसी से लेकर अंतरिक्ष व विज्ञान तक नई ऊंचाइयों को छू रही है।

### 'नागरिक देवो भव :' का मंत्र

पीएम मोदी ने सिविल सेवा दिवस पर दिए गए 'नागरिक देवो भव :' मंत्र को दोहराते हुए कहा कि हर सरकारी कर्मचारी का कर्तव्य है कि वह नागरिकों की सेवा को सर्वोपरि माने और अपने ईमानदार प्रयासों से एक विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण करे।

# कुपवाड़ा में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़



**एजेंसी । श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। वहां से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद जब्त भी किए। पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद यह हथियार जब्त किए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने उत्तरी कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्ताकाबाद माछिल के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का सफलतापूर्वक पता लगा लिया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद बरामद किया गया है। इसमें पांच एके-47 राइफलें, आठ एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, एके-47 के 660 राउंड, एक पिस्तौल का एक राउंड और एम4 के 50 राउंड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है।

**भारी मात्रा में हथियार-गोला बारूद बरामद**

# अंतरिक्ष आपदाओं के अंतरराष्ट्रीय चार्टर का प्रमुख बना इसरो



**छह महीने तक निभाएगा नेतृत्व का दायित्व**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को 'अंतरराष्ट्रीय चार्टर अंतरिक्ष और प्रमुख आपदाओं' का प्रमुख चुना गया है। इसरो अप्रैल 2025 से अगले छह महीनों तक इस वैश्विक संगठन का नेतृत्व करेगा। चार्टर की 53वीं बैठक 14 से 17 अप्रैल तक हैदराबाद में आयोजित की गई थी, जिसमें दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### वैश्विक आपदाओं के प्रबंधन में अहम भूमिका

इसरो ने अपने बयान में कहा कि भारत चार्टर का संस्थापक सदस्य है और 2025 में चार्टर अपनी 25वीं वर्षगांठ मनाएगा। 17 सदस्य संगठनों से मिलकर बना यह चार्टर प्राकृतिक आपदाओं के समय पृथ्वी अवलोकन डेटा साझा कर वैश्विक स्तर पर आपदा प्रबंधन में सहयोग करता है। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने बोर्ड सदस्यों को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के माध्यम से आपदा प्रबंधन सहायता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### चंद्रयान-4 मिशन पर राष्ट्रीय बैठक


इसरो ने यह भी जानकारी दी कि उसने चंद्रयान-4 मिशन से जुड़े मुद्दों पर एक राष्ट्रीय विज्ञान बैठक का आयोजन किया। 16 अप्रैल को हुई इस बैठक में 12 अनुसंधान संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित कई अंतरिक्ष वैज्ञानिक शामिल हुए। इसरो के वैज्ञानिक सचिव एम. गणेश पिल्लई ने इस बैठक के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि चंद्रयान-4 मिशन भारत के चंद्र नमूना वापसी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# जून से अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

- विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी
- भारत और चीन के बीच संबंधों के सुधार के तहत यात्रा फिर से शुरू

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पांच साल के अंतराल के बाद, भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। यह यात्रा जून से अगस्त तक चलेगी, और इसे भारत और चीन के बीच संबंधों में सुधार के प्रयासों का हिस्सा माना जा रहा है। दोनों देशों ने 2024 में डेमचोक और देपसांग के विवादित क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी की थी।



### कुल पांच बैच होंगे

इस साल यात्रा के लिए कुल पांच बैच होंगे, जिनमें प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, जो उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे के रास्ते यात्रा करेंगे। इसके अलावा, 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, सिक्किम से नाथू ला दर्रे के माध्यम से यात्रा करेंगे। आवेदन प्रक्रिया के लिए आधिकारिक वेबसाइट kmy.gov.in पर पंजीकरण शुरू हो चुका है।


### यात्रा की शुरुआत और परिवर्तित शुल्क

यात्रा 30 जून से शुरू होगी, और यह कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) और विदेश मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित की जाएगी। कोविड महामारी के कारण यह यात्रा 2020 से रुक गई थी। इस बार यात्रा की लागत में बढ़ोतरी हुई है। श्रद्धालुओं को केएमवीएन को 35,000 रुपए की बजाय 56,000 रुपए चुकाने होंगे, जिसमें यात्रा, आवास, भोजन, चिकित्सा जांच और अन्य आवश्यक सेवाएं शामिल हैं।

### यात्रा का कार्यक्रम

यात्रा का संचालन दिल्ली से प्रारंभ होकर पिथौरागढ़ के लिपुलेख पास से किया जाएगा। पहला दल 10 जुलाई को चीन के लिए रवाना होगा, और यात्रा का अंतिम दल 22 अगस्त को चीन से भारत लौटेगा। प्रत्येक दल की यात्रा कुल 22 दिन की होगी, जिसमें विभिन्न ठहराव स्थल जैसे टनकपुर, धारचूला, गुंजी, और नाभीढांग पर रुकने की व्यवस्था की गई है।

# प्रख्यात इतिहासकार एमजीएस नारायणन का निधन



- आईसीएचआर के पूर्व अध्यक्ष और कालीकट विश्वविद्यालय में रहे विभागाध्यक्ष

**एजेंसी । तिरुवनंतपुरम**

भारत के प्रतिष्ठित इतिहासकार, शिक्षाविद और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर) के पूर्व अध्यक्ष एमजीएस नारायणन का शनिवार को 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने कोझिकोड के मालापरम्बा स्थित अपने निवास पर अंतिम सांस ली।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि एमजीएस नारायणन ने इतिहास लेखन के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इसे एक बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि नारायणन ने वैज्ञानिक विश्लेषण के माध्यम से पारंपरिक इतिहास लेखन से अलग रास्ता अपनाया और इतिहास के संकीर्ण पुनर्लेखन के खिलाफ मजबूत आवाज उठाई।